दत्तिलम्

दत्तिलम्

(प्रणम्य परमेशानं) ब्रह्माद्यांश्च गुरूंस्तथा ।
गान्धर्वशास्त्रसंक्षेपः सारतोऽयं मयोच्यते ॥१॥
गान्धर्वं नारदादिभ्यः प्रत्त्यमादौ स्वयम्भुवा ।
विधिवन्नारदेनाथ पृथिव्यामवतारितम् ॥२॥
पदस्थस्वरसंघातस्तालेन सुमितस्तथा ।
प्रयुक्तश्चावधानेन गान्धर्वमभिधीयते ॥३॥
लोकाद् विद्यात् पदा (हीनं ? नीह) शब्दशास्त्राद्यनुग्रहात् ।
प्रसिद्धमवधानं तु सम्यग्बुद्ध्यादियोजनम् ॥४॥
द्वयमन्यदतो वाच्यमिह संक्षेपमिच्छता ।
तत्र स्वरगतं पूर्वं गेयत्वादुपदिश्यते ॥५॥
श्रुतयोऽथ स्वरा ग्रामौ मूर्छनास्तानसंयुताः ।
स्थानानि वृत्तयश्चैव शुष्कं साधारणे तथा ॥६॥
जातयश्चैव वर्णाश्च नानालङ्कारसंयुताः ।
एष स्वरगतो (दे ? द्दे) शः संक्षेपेणाथ निर्णयः ॥७॥
नृणामुरसि मन्द्रस्तु द्वाविंशतिविधो ध्वनिः ।
स एव* कण्ठमध्ये स्यात् तारः शिरसि गीयते ॥८॥
उत्तरोत्तरतारस्तु वीणायामधरोत्तरः ।
इति ध्वनि (वि) शेषास्ते श्रवणाच्छ्रुतिसंज्ञिताः ॥९॥
तेभ्यः कांश्चिदुपादाय गीयन्ते सर्वगीतिषु ।
आद्रियन्ते च ये तेषु स्वरत्वमुपलभ्य ते ॥१०॥
स्वराः षड्जादयः सप्त ग्रामौ द्वौ षड्जमध्यमौ ।
केचिद् गान्धारमप्याहुः स (तु) नेहोपलभ्यते ॥११॥
षड्जत्वेन गृहीतो यः खड्जग्रामे ध्वनिर्भवेत् ।
तत उर्ध्वं तृतीयः स्याद् ऋषभो नात्र संशयः ॥१२॥
ततो द्वितीयो गान्धारश्चतुर्थो मध्यमस्ततः ।
मध्यमात् पञ्चमस्तद्वत् तृतीयो धैवतस्ततः ॥१३॥
निषादोऽतो (द्विती) यः (स्त ? स्यात्) ततः षड्जश्चतुर्थकः ।
पञ्चमो मध्यमग्रामे मध्यमाद्यस्तृतीयकः ॥१४॥

---

* 'कण्ठे मध्यः स्यात्' इति क्षीरस्वामिना नाट्यवर्गे स्मृतः पाठः ।

एवं ध्वनिविशेषान् यः सर्वान् षड्जादिसंज्ञितान् ।
व्यवस्थितान्तरान् वेत्ति स वेत्ति स्वरमण्डलम् ॥१५॥
निषादःकाकलीसंज्ञो द्विश्रु (त्युत्) कर्षणाद् भवेत् ।
गान्धारस्तद्वदेव स्यादन्तरस्वरसंज्ञितः ॥१६॥
अनंशत्वात्तु भेदेन स्वरता नोच्यते तयोः ।
अतो निषादगान्धारावे (दा? ता) वाप्तैरुदाहृतौ ॥१७॥
योऽत्यन्तबहुलो यत्र वादी वांशश्च तत्र सः ।
मि (थ) स्संहस्वनौ ज्ञेयो त्रयोदशनवान्तरौ ॥१८॥
अतोऽनुवादिनः शेषा द्व्यन्तरौ तु विवादिनौ ।
स्वरांश्चतुर्विधानेव जानीयात् स्वरयोगवित् ॥१९॥
पञ्चमं मध्यमग्रामे षड्जग्रामे तु धैवतम् ।
अनांशिनं विजानीयात् सर्वत्रैव तु मध्यमम् ॥२०॥
स्वरौ यावतिथौ स्यातां ग्रामयोः षड्जमध्यमौ ।
मूर्छना तावतिथ्येव तद्ग्रामावत एव तौ ॥२१॥
उत्तरमन्द्रा रजनी तृतीया चोत्तरायता ।
चतुर्थी शुद्धषड्जा तु पञ्चमी मत्सरी कृता ॥२२॥
अश्वक्रान्ता तु षष्ठी स्यात् सप्तमी चाभिरुद्गता ।
स्वरक्रमगता विद्यात् सप्तैताः षड्जमूर्छनाः ॥२३॥
सौवीरी मध्यमग्रामे हरिणा (श्वा?श्वा) तथैव च ।
स्यात् कपोलनता चैव चतुर्थी शुद्धमध्यमा ॥२४॥
मान्दी च पौरवी चैव हृष्य(का) सप्तमूर्च्छनाः ।
त्रिश्चतुःपञ्च षट् पूर्णसाधारणकृताः स्मृताः ॥२५॥
गान्धारं धैवतीकुर्याद् (व?द्वि) श्रुत्युत्कर्षणाद् यदि ।
तद्वशान्मध्यमादींश्च निषादादीन् यथास्थितान् ॥२६॥
ततोऽभूद् यावतिथ्येषा षड्जग्रामस्य मूर्छना ।
जायते तावतिथ्येव मध्यमग्राम मूर्छना ॥२७॥
श्रुतिद्वयापकर्षेण गान्धारीकृत्य धैवतम् ।
पूर्ववन्मध्यमाद्याश्च भावयेत् षड्जमूर्छना ॥२८॥
इत्येता मूर्छनाः प्रोक्ताः सरणाश्चैव वैशिकैः ।
संस्थाप्य मूर्छनामेवंचान्या वक्ष्यानुगः(?)क्रमः ॥२९॥
पञ्चस्वराः षट्स्वराश्च मूर्छना याः प्रकीर्तिताः ।
(तनाना ? ताना) श्चतुरशीतीस्तु ता एवाप्तैरुदाहृताः ॥३०॥

अग्निष्टोमादिनामानस्त उक्ता नारदादिभिः ।
देवाराधनयोगेन तत्पुण्योत्पादका यतः ॥३१॥
षड्जर्षभनिषादैश्च पञ्चमेन च षड्जगाः ।
षट्स्वरा मध्यमग्रामे गान्धारान्तैस्त्रिभिर्विना ॥३२॥
स्वग्राममूर्छना ह्येताः क्रियमाणाः पृथक्–पृथक् ।
भवन्त्येकोनपञ्चाशदेवं पञ्चस्वरा अपि ॥३३॥
षड्जपञ्चमहीनश्च द्विश्रुतिभ्यां तथैव च ।
पञ्चमर्षभहीनश्च षड्जग्रामे त्रयः स्मृताः ॥३४॥
धैवतर्षभहीनश्च द्विश्रुतिभ्यां तथैव च ।
द्वावेतौ मध्यमग्रामे पञ्चत्रिंशदमी स्मृतः ॥३५॥
तानक्रिया द्विधा तन्त्र्यां प्रवेशान्निग्रहात् तथा ।
तत्र प्रवेशो ध्वन्यैक्यमसंस्पर्शस्तु निग्रहः ॥३६॥
एवं कृतेऽपि तानत्वे गणयित्वा विनाशिनम् ।
विद्वानेतावतिथ्येषा मूर्छनेत्यवधारयेत् ॥३७॥
क्रममुत्सृज्य तन्त्रीणां तननैर्मूर्छनास्तु याः ।
पूर्णाश्चैवाप्यपूर्णाश्च कूटतानास्तु ते स्मृता ॥३८॥
पूर्णाः पञ्चसहस्राणि त्रयस्त्रिंशच्च संख्यया ।
कथयन्ति प्रतिग्राममुपायो गणनेऽधुना ॥३९॥
हन्यादनन्तरायेण पूर्वा (या?य)स्य क्रमोत्क्रमात् ।
गुणकारसमास्तत्र क्रमाः शेषाः स्युरुत्क्रमाः ॥४०॥
साप्तस्व (र्यं?र्य)तु सप्तानामेकैका भजते यतः ।
अत एकोनपञ्चाशत् कश्चित् कूटैः सहोदिता ॥४१॥
अथ स्थानानि येषूक्तो द्वाविंशतिविधो ध्वनिः ।
व्यस्तानि तानि षट्षष्टिं विद्यान्मन्द्रादिसिद्धये ॥४२॥
दक्षिणो वृत्तिचित्राश्च वृत्तयस्तास्वयं विधिः ।
प्रधानं गीतमुभयं वाद्यं चेति यथाक्रमम् ॥४३॥
यद् वृत्तिषू(त्त?क्त) माचार्यैर्वीणावाद्यादिलक्षणम् ।
तद् ग्रन्थविस्तरभयादिह नोदाहृतं मया ॥४४॥
वाद्यं यद् गीतवृत्तिस्थमगीतं संप्रयुज्यते ।
वैचित्र्यार्थप्रयोगज्ञैः शुष्कं तदभिधीयते ॥४५॥
साधारणे तु विज्ञेये स्वरजात्युपलक्षिते ।
स्वरमध्ये तयोः पूर्वं तत्काकल्यन्तरौ स्वरौ ॥४६॥

जात्यन्तरेण सदृशं यज्जातावुपलभ्यते ।
एकग्रामे च बाहुल्याज्जातिसाधारणं तु तत् ॥४७॥
जातयोऽष्टादश ज्ञेयास्तासां सप्तस्वराख्यया ।
शुद्धाश्च विकृताश्चैव शेषास्तत्सङ्करोद्भवाः ॥४८॥
षड्जाया मध्यमायाश्च संसर्गात् षड्जमध्यमा ।
षड्जायास्त्वथ गान्धार्या जायते षड्जकैशिकी ॥४९॥
तयोरेव सधैवत्ये षड्जोदीच्यवती भवेत् ।
आसां समध्यमानां तु गान्धारोदीच्यवा भवेत् ॥५०॥
गान्धार्या मध्यमायाश्च पञ्चम्याश्चैव सङ्करात् ।
सधैवतीनातासां तु मध्यमोदीच्यवा भवेत् ॥५१॥
आसां स्याद् रक्तगांधारी नैषादी चेच्चतुर्थिका ।
आर्षभ्यास्तु भवेदन्ध्री गान्धार्याश्चैव सङ्करात् ॥५२॥
अनयोस्तु सपञ्चम्योर्नन्दयन्ती प्रजायते ।
सनिषादास्तु गान्धार्यः कुर्युः कार्मारवीमिमाः ॥५३॥
गान्धारी पञ्चमी चैव तथा गान्धारपंचमी ।
आर्षभीधैवतीवर्जाः कैशिकीमिति सङ्करा ॥५४॥
ग्रहान्शौ तारमन्द्रौ च षाडवौडुविते क्रमात् ।
अल्पत्वं च बहुत्वं च न्यासोऽपन्यास एव च ॥५५॥
एवमेतद् यथाजाति दशकं जातिलक्षणम् ।
लक्षणं दशकस्यास्य संक्षेपेणाभिधीयते ॥५६॥
तत्र ग्रहस्तु गीतादिस्वरोंऽशः पूर्वकीर्तितः ।
पंचस्वरपरस्तार उच्चैरंशादिहेष्यते ॥५७॥
आ षड्जान्नन्दयन्त्यां तु परो नातः प्रशस्यते ।
मृदुरंशपरो मन्द्रो न्यासान्तस्तत्परोऽपि वा ॥५८॥
षट्पंचस्वरके गीते षाडवौडुविते क्रमात् ।
अल्पत्वं च बहुत्वं च प्रयोगाल्पबहुत्वतः ॥५९॥
गीतकान्त्यस्वरो न्यासो विदारीमध्यगस्तथा ।
न्यासवत् स्यादपन्यासो यथाजाति ब्रवीम्यहम् ॥६०॥
यं विना हीनता यस्याः स्याच्चेत् तस्यां तु सोऽल्पकः ।
अंशाख्यमन्यन्यासस्तु स्वरजातिषु नामकृत् ॥६१॥
तद्ग्रहा तदपन्यासा तदंशा च यदा भवेत् ।
मन्त्रन्यासा च पूर्णा च शुद्धा जातिस्तदोच्यते ॥६२॥

अंशाः स्युः पञ्च षड्जाया निषादर्षभवर्जिताः ।
अपन्यासस्तु (गान्धारः पञ्चमश्चाथ सङ्गतिः॥६३॥
षड्ज) गांधारयोस्तु स्यात् षड्ज धैवतयोस्तथा ।
षाडवत्वं निषा(दः?दे)स्यान्नाम्यामौडुवितं भवेत्॥६४॥
आर्षभ्यास्तु स्मृता अंशा निषादर्षभधैवताः ।
षड्जपंचमहीने च षाडवे चाप्यथौडुवे ॥६५॥
धैवत्यां गुरुभिः प्रोक्तावंशावृषभधैवतौ ।
समध्यमावपन्यासौ प्रागुक्ता हीनोत्क्रमात् ॥६६॥
अंशौ निषादवत्यास्तु द्विश्रुती मर्षभौ स्मृतौ ।
धैवतीवद् भवे(च्छेषो न्यासो नामकृदेव तु) ॥६७॥
अंशाः स्युः षड्जकैशिक्यां षड्जगांधारपंचमाः ।
सनिषादास्तु गान्धारा अपन्यासास्त एव तु ॥६८॥
ऋषभोऽल्पप्रयोगः स्यान्न्यासो गान्धार इष्यते ।
नित्यं पूर्णस्वरा चेयमाचार्यैः परिकीर्तिता ॥६९॥
स्यात् षड्जोदीच्यवत्यंशैः षड्जमध्यमधैवतैः ।
सनिषादैरपन्यासौ विज्ञेयौ षड्जधैवतौ ॥७०॥
ऋषभेण विहीनेयं द्वाभ्यां चेत् पञ्चमेन च ।
मन्द्रगांधारभूयस्त्व*मस्या न्यासस्तु मध्यमः ॥७१॥
सप्तांशः षड्जमध्याया न्यासौ वै षड्जमध्यमौ ।
क्रमान्निषादगान्धारावस्यां हीनत्वकारिणौ ॥७२॥
यथेष्टं स्याच्च संचारो यथा ग्रामाविरोधकृत् ।
षड्जग्रामे तु सप्तैताः शेषा मध्यमजातयः ॥७३॥
गान्धार्यां द्वावनंशौ तु हेयावृषभधैवतौ ।
क्रमान्नित्यमपन्यासौ विज्ञेयौ षड्जपंचमौ ॥७४॥
धैवतादृषभं गच्छेदेवं स्यात् सर्वमेव तु ।
प्रायशो रक्तगान्धार्यां अपन्यासस्तु मध्यमः ॥७५॥
बहुप्रयोगः कर्तव्यो धैवतोऽथ निषादवान् ।
षड्जगान्धारसंचारः कार्यश्चासां प्रयोक्तृभिः ॥७६॥
गान्धारोदीच्यवा प्रायः षड्जोदीच्यवतीसमा ।
षड्जश्च मध्यमश्चांशौ नचौडुवितमिष्यते ॥७७॥

---

* 'मपन्यासस्तु' इति, मुद्रिता बृहद्देशी (पृष्ठ ६१) ।

पंचांशा मध्यमायास्तु ज्ञे(यो?या)द्विश्रुतिवर्जिताः ।
क्रमात् ताभ्या च हीनत्वं बहुलौ षड्जमध्यमौ ॥७८॥
गान्धारोदीच्यवावत् तु मध्यमोदीच्यवा भवेत् ।
साप्तस्वर्यं तु नित्यं स्यादस्यामंशश्च पंचमः ॥७९॥
पंचम्या गुरुभिः प्रोक्तावंशा वृषभ* पंचमौ ।
सनिषादावपन्यासौ मध्यमर्षभसङ्गतिः ॥८०॥
षड्जमध्यमगान्धारा अल्पास्तु परिकीर्तिताः ।
स्यान्नि(षादा)च्च गान्धारो मध्यमावच्च हीनता ॥८१॥
ज्ञे(यौ?यो)गांधारपंचम्यां पंचमोऽशः प्रयोक्तृभिः ।
सर्षभः स्यादपन्यासो न्यासो गान्धार इष्यते ॥८२॥
गान्धा(र्ये?र्या) मथ पंच(म्या?म्यां)यत् संचारादि कीर्तितम् ।
तदस्यामपि विज्ञेयं किन्तु पूर्णस्वरा सदा ॥८३॥
अन्ध्रचामनंशा विज्ञेयाः षड्जमध्यमधैवता ।
षाडवं षड्जहीनं तु न्यासो गान्धार इष्यते ॥८४॥
नन्दयन्त्यामपन्यासौ ज्ञेयौ मध्यमपंचमौ ।
ग्रहो न्यासश्च गांधारः पंचमोऽशः प्रकीर्तितः॥८५॥
अन्ध्रीवत षाडवं ज्ञेयमनौडुवितमेव च ।
स्यान्मन्दर्षभसंचारो लङ्घनीयश्च म क्वचित् ॥८६॥
कर्मारव्यामनंशास्तु षड्जगान्धारपंचमाः ।
पूर्णता पंचमो न्यासो गान्धार (गमनं)बहु ॥८७॥
कैशिक्यामृषभोऽनंशो न्यासौ तु द्विश्रुती स्मृतौ ।
ऋषभो धैवतश्चैव हेयावस्यां यथाक्रमम् ॥८८॥
पंचमोऽपि भवेन्न्यासो निषादांशे (तथै?ऽथ धै)वते ।
ऋषभः स्यादपन्यासः कै(श्चि) दुक्तोऽशवत् तथा ॥८९॥
पंचमो(ब) लवानस्यां स्यान्निषादस्तथैव च ।
इति त्रिषष्टिरंशा ये तेषामेकैकशोऽशताम् ॥९०॥
प्रकल्प्यापोह्यते प्राप्तं षाडवौडुवितं क्वचित् ।
अषाडवा निशादेऽशे सति (स्यात्) षड्जमध्यमा ॥९१॥
गान्धारे च यतो लोपो नांशसंवादिनोर्मतः ।
कैशिकी रक्तगान्धारी (गांधारी) चैव पंचमे ॥९२॥

---

* 'वैवतो । ऋ ष्यमावप' (पृष्ठ ६२) इति, मुद्रिता बृहद्देशी ।

तथा षाड्जी तु गान्धारे धैवते तदुदीच्यवा ।
गान्धारीरक्तगान्धार्यो: षड्जमध्यमपंचमा: ॥९३॥
सनिषादा: स्मृता अंशा अनौडुवितभागिन: ।
षड्जमध्यमजातौ तु गान्धारोऽथ निषादवान् ॥९४॥
कैशिक्यामथ पंचम्यां क्रमशो धैवतर्षभो ।
योऽयं सप्ताधिकेष्वेवं चत्वारिंशत्सु षाडवे ॥९५॥
अपवादविनिर्मुक्तत्रिंशदौडुवितं भवेत् ।
सङ्करे रूपबाहुल्यं जातिनिर्देश इष्यते ॥९६॥
तस्माद् यद् गीयते किंचित् तत् सर्वं जातिषु स्थितम् ।
अथ वर्णास्तु चत्वारो ज्ञेया अन्वर्थसंज्ञया ॥९७॥
स्थायिसंचारिणौ चैव तथारोह्यवरोहिणौ ।
एकस्वरा पदे गीति: स्थायिवर्णोऽभिधीयते ॥९८॥
संचारी स्वरसंचाराद् यथार्थौ चोत्तरा(अ?व)पि ।
वर्णाश्रयास्तु विज्ञेया अलंकारास्त्रयोदश ॥९९॥
नामतो रूपतश्चैव संक्षेपेण ब्रवीमि तान् ।
प्रसन्नं पूर्वमुच्चार्य शनैः सन्दीपयेत् स्वरम ॥१००॥
प्रसन्नादिर्भवेदेवं प्रसन्नान्तो विलोमत: ।
एवं प्रसन्नमध्यश्च प्रसन्नाद्यन्त एव च ॥१०१॥
एते स्थायिन्यलङ्कारश्चत्वार: परिकीर्तिता: ।
क्वचित् स्वरे चिरं स्थित्वा स्पृष्ट्वा (सा?ता)रं ततोऽग्निवत् ॥१०२॥
प्रत्यागच्छेत्तु तत्रैव बिन्दुरेषोऽभिधीयते ।
स्यान्निवृत्तप्रवृत्ताख्यस्तद्वन्मन्द्रं स्पृशेद् यदि॥१०३॥
प्रेङ्खोलितं द्वयोर्विद्यात् तुल्यकाल गतागतम् ।
क्रमेण परमं (तरमन्तां?तारं) गत्वा मन्द्रपतेत् तत: ॥१०४॥
तारमन्द्रप्रसन्नोऽयमलङ्कारोऽभिधीयते ।
मन्द्रादुत्पतितस्तारं क्रमेणैवावरोहति ॥१०५॥
मन्द्रतारप्रसन्नोऽयं सर्वसाम्यात् समो भवेत् ।
उर: कण्ठशिर(स्त?स्थ) त्रिश्रुते: कम्पनाद् भवेत् ॥१०६॥
कम्पितं हरितं चैव रेचितं च यथाक्रमम् ।
एषां च पञ्च बि(न्बा?न्दा) द्या नित्यं संचारि संश्रया: ॥१०७॥
(आ?प्र) सन्नादि: प्रसन्नान्तो तथारोहा वरोहणी ।
शेषा अपि यथायोगं सर्ववर्णाश्रया: स्मृता: ॥१०८॥

इति श्लोकशतेनेदमुक्तं (स्वरगतं स्फुटम्) ।
अथ तालं प्रवक्ष्यामि लयकालकलागतम् ॥१०६॥
तालात् साम्यं भवेत् साम्यादिह सिद्धिः परत्र च ।
तत्र ज्ञेयाः कलाः पाताः पादभागास्तथैव च ॥११०॥
मात्रा च परिवर्तश्च वस्तु चैव विशेषतः ।
विदार्यङ्गुलयाः पाणिर्यतिः प्रकटितंभवेत् ॥१११॥
+++++ वश्रा च गीतिमार्गश्च शाश्वतः ।
इत्युद्देशः पदार्थानां ज्ञेयस्तालगतो बुधैः ॥११२॥
संक्षेपेणाथ वक्ष्यामि सूक्ष्ममेषां विनिर्णयम् ।
तत्रावापोऽथ निष्क्रामो (विक्षेपश्च प्रवेशनम्)॥११३॥
श(म्या) तालश्च वि(ज्ञे)यः सन्निपातश्च सप्तमः ।
कैश्चिन्निमेषकालेतु(सा)कला सप्तविधोदिता ॥११४॥
लयस्थित्या च मार्गेषु कल्पितं तैः कलान्तरम् ।
सर्वा चेयं कला येषां घण्टानादवता गतिः ॥११५॥
(ते)षां मध्यम मार्गेषु विशेषोऽयं कलाश्रयः ।
द्विमात्रा स्यात् कला चित्रे चतुर्मात्रा तु वार्त्तिके ॥११६॥
अष्टमात्रा तु विद्वद्भिर्दक्षिणे समुदाहृता ।
मात्रा तु लौकिकी नेह किन्तु पंचगुणा(त्?)ततः ॥११७॥
तया कार्यं कलामान प्रयोगोऽथ नियम्यते ।
आवापसंज्ञकं ज्ञेयमुत्तानाङ्गुलिकुञ्चनम् ॥११८॥
अधस्तलेन हस्तेन निष्क्रामाख्यं प्रसारणम् ।
तस्य दक्षिणतः क्षेपो विक्षेपः परिभाषितः॥११९॥
अथ चाकुञ्चन ज्ञेयं प्रवेशाख्यमधस्तलम् ।
शम्या दक्षिणपातस्तु तालो वामस्तु कीर्तितः ॥१२०॥
उभयोर्हस्तयोः पातः सन्निपात इति स्मृतः ।
एवमेते त्रयः पाताः कलास्ताः शोडषाः स्मृताः ॥१२१॥
++++ प्रविध्येऽपि त्रिकलायां प्रयोजयेत् ।
कलानां समुदायोऽथ युग्मोऽयुग्मोऽथवा भवेत् ॥१२२॥
युग्मश्चच्चपुटस्थः स्यादयु(क्ता?क् चा) चपुटाश्रयः।
तालाक्षराणामेतेषां संस्थाप्य गु (रुलाघवम्) ॥१२३॥
युग्मान्त्यं प्लुतवत् कृत्वा कलायोगं प्रकल्पयेत्
कलां गुरुणि युञ्जीत लघुन्यर्धकलां तथा ॥१२४॥

प्लुते सार्धकलामेवं भवेदेककलो विधिः ।
यथाक्षरेषु योक्तव्याः पाता एते(यथा)क्रमम् ॥१२५॥
सन्निपातश्च शम्या च तालः शम्या तथैव च ।
एष पातविधिर्ज्ञेयो युग्मे चायुग्म एव च ॥१२६॥
शम्यातालश्च युग्मे द्विस्तालः शम्यमथापि वा ।
उत्तरः पंचपाण्याख्यः षट्पि(ता) पुत्रकाक्षरः ॥१२७॥
अयु(ग्म?ग्मो)त्थः ल्पुता(त्य?द्य)न्तस्तथा चाहात्रकोहलः ।
द्वौ तु चाचपुटौ कृत्वा द्वितीयोपान्त्यके क्रमात् ॥१२८॥
आद्यन्तयोर्नियुज्यैनं षट्पितापुत्रकं विदुः ।
सन्निपातश्च तालश्च तस्याद्यन्तौ यथाक्रमम् ॥१२९॥
विर्मध्ये (?)तालशम्ये च तथा दिभ्योकलाविधिः ।
गुरुप्लुतानि हित्वाथ द्विमात्रान् परिकल्पयेत् ॥१३०॥
पादभागांश्चर्भितुस्तैर्मात्रेति परिभाष्यते ।
आद्यं प्रकल्प्य निष्कामं द्वितीयं तु प्रवेशनम् ॥१३१॥
सर्वेषां पादभागानां ततः पा(दा?ता)न् प्रकल्पयेत् ।
शम्या द्वितीया कर्तव्या तालशम्ये तु मध्यमे ॥१३२॥
सन्निपातेऽवसाने च द्विकलोऽयं विधिः स्मृतः ।
पञ्चपाणेश्चतुर्थी तु शम्या कार्या तथाष्टमी ॥१३३॥
तृतीया षष्ठनवमा (?) तालाः शेषं यथोचितम् ।
विन्यस्य मध्ये विक्षेपमादावावापमेव च ॥१३४॥
सर्वेषां पादभा(वा?गा)नां प्रयुञ्जीत चतुष्कलम् ।
आद्यद्वितीयमाद्यान्तात् पादभागाद् विदुः क्रमात् ॥१३५॥
++++मिका युक्ता मध्यमाद् देशिनीगतान् ।
अयु+++हीनं स्यादाद्यन्ता+क उत्तरः ॥१३६॥
निष्क्रामश्च प्रदेशश्च द्विकले परिकीर्तितौ ।
एवं कालादि योक्तव्यं विशेषो यत्र नोच्यते ॥१३७॥
पादभागोऽथ मात्रा वा समस्तस्ताल एव वा ।
गीयते परिव++++ पत्तः स उच्यते ॥१३८॥
यथा+++षण्मात्रास्तिस्रोऽध्यर्धापि वा भवेत् ।
केचित् प्राधान्यमात्रेण वस्तुसंज्ञा प्रचक्षते ॥१३९॥
अपन्यासोऽथ वस्त्वन्ते स्यादंशो न्यास एव वा ।
सन्न्यासो वाथ तस्याद्धरूपं वि (?)++++ाः ॥१४०॥

प्रथमा पादौ ? या विदा) र्योया मध्ये न्यासत्वभाक् स्वरः ।
न चेदंशविवादी स्यात् सन्न्यासः सोऽभिधीयते ॥१४१॥
पदगीतिः समाप्तौ या पृथग्गीतिरिव स्थिता ।
गीतपेशीं विदारीं तामाहुर्गीतविदारणाम् ॥१४२॥
प्रमाणव(र्ष?र्य) तस्यास्तु रूपं वस्तुवदिष्यते ।
वक्ष्यमाणं मुखाद्यङ्गं विज्ञेयं(च)चतुर्विधम् ॥१४३॥
एककं चावगाढं च प्रवृत्तं विविधं तथा ।
न्यासान्तमपि वांशान्तं दिदार्येकैकसं (स्मृ?श्रि)तम् ॥१४४॥
अवरोह्यवगाढं तु प्रायशोंऽशान्तमिष्यते ।
विदार्यो पान्त्यकश्चैव स्वरेष्वेकान्तरेषु वा ॥१४५॥
एवं न्यासान्तमारोहि प्रवृत्तमभिधीयते ।
आरोहणं तु विविधं तथा चैवावरोहणम् ॥१४६॥
न्यासापन्यासयोगेन भवेदन्तरमार्गतः ।
शुद्धास्वंशवशात् तत्रा ज्ञेय(म)न्तरमार्गतः ॥१४७॥
न्यासापन्यासयोगेन विकृतासु च जातिषु ।
सामुद्गोऽथार्धसामुद्गो विवृद्धश्च यथाभिधः ॥१४८॥
समो मध्योऽथ विषमो विविधस्त्रिविधिः स्मृतः ।
वाङ्मात्रा सा महागीतिः समुद्गो विविधो भवेत् ॥१४९॥
(असं)पूर्णविदार्यादिसाम्यं चैव प्रकल्पयेत् ।
न्यासान्तो विविधः सर्वो मु(क्त्या ? कत्वा) द्वै गेयकं भवेत्॥१५०॥
नित्यं च द्विविदारीका पूर्वो ज्ञेये तु' षट् परे(?) ।
अथ त्रयो लयाः सिद्धा द्रुतमध्यविलम्बिताः ॥१५१॥
++++दिरेतेषां प्रयोगो दक्षिणादिषु ।
समोपर्यवपूर्वस्तु पाणिस्त्रिविध इष्यते ॥१५२॥
तत्र तालं च पाणिं च प्राहुरेकं मनीषिणः ।
समं चोपरिपातस्तु यद्वाधः संस्थितं भवेत् ॥१५३॥
आद्यां पदानि वर्णो वा तदेवमभिधीयते ।
लययातं यतिः प्रोक्ता चित्रादि(षु)यथाक्रमम् ॥१५४॥
समा स्रोतोगता चैव गोपुच्छा च यथाक्रमम् ।
अथ प्रकरणं नाम मद्रकाद्यभिधीयते ॥१५५॥
कुलकं छेद्यकं चैव द्विविधं तत् प्रचक्षते ।
(एकवाक्य)न्तु कुलकं त(द्) व्यर्थमपि वा पुनः ॥१५६॥

नानार्थं छेद्यकं ज्ञेयमेकैकं विविधं पुनः ।
नियुक्तं पदनियुक्तमनियुक्तं तथैव च ॥१५७॥
तत्र (स)वैस्तु नियमैर्युक्तं नियुक्तमिष्यते ।
छन्दःपादादिनिर्योगात् पदनियुक्तसंज्ञितम् ॥१५८॥
वस्तुमात्रमनियुक्तमिदानी विधिरुच्यते ।
अनादेशे तु सर्वत्र कर्तव्यः स चतुष्कलः ॥१५९॥
वस्त्वन्ते सन्निपातश्च सप्तरूपविधौ सदा ।
केचित्तु मद्रकादीनि विधिष्वेककलादिषु ॥१६०॥
आहुस्तालाक्षराण्येषां कल्पयन्त्यपराणि तु ।
त्रिमात्रं वस्तु संस्थाप्य मद्रकस्य प्रयोगवित् ॥१६१॥
एतेषु पादभागेषु पातानेतान् प्रकल्पयेत् ।
चतुर्थे चाष्टमे चैव पञ्चमे दशमे तथा ॥१६२॥
एकादशे च शम्यान्त्या द्वितीया नवमे स्मृता ।
षष्ठसप्तमयोश्चैवं का लोऽथ नवमस्य च ॥१५३॥
तद्व स्तु द्वादशस्य स्याद् द्वितीयः पूर्वयोस्ततः ।
एवं त्रिचतुराणि स्युर्वस्तून्यन्तेऽथ शीर्षकम् ॥१६४॥
भवेद् वस्तु कलासंख्यं पंचपाणिस्थमेव वा ।
आदावष्टकलं कार्यं(य)थामार्गमुपो(ह्?ह्नम) ॥१६५॥
त्रिकलं तु प्रयुञ्जीत मद्रके द्विकले सदा ।
प्रत्युपोह्नमप्येव ह्यपरं च चतुष्परम् ॥१६६॥
स्याद् द्वितीयादिवस्त्वादौ मद्रके तु चतुष्कले ।
अत्रैवांशादिरंशान्तः समुद्गो विविधो भवेत् ॥१६७॥
+++न्ते तृतीयेऽथ स द्वैगेयकसंज्ञितः ।
मन्द्रांश प्रथमं वस्तु द्वितीयं तु यथाग्रहम् ॥१६८॥
तृतीयमाहुराचार्याः परिवर्तसमाप्तिकम् ।
अस्यैवा+++++निष्क्राममेव च ॥१६९॥
प्रतिवस्तु विहाय स्या(शशे?च्छे)ष द्विकलम(त्रको?न्द्रके) ।
भवेदेककले तस्य पञ्चपाणौ तु शीर्षकम् ॥१७०॥
विविधैककसंयुक्तमुभयत्राङ्गकल्पनम् ।

इति मन्द्रके समाप्तम् ॥

अथ वस्तूनि षट् सप्त पञ्च वाप्यपरान्तके ॥१७१॥
स्याच्छाखाद्यर्धमात्राणि तेष्वेवं पातकल्पना ।
अष्टमी विंशिका चैव द्वे शम्ये परिकीर्तिते ॥१७२॥
द्वादशाष्टादशौ तालावेकविंशतिमस्तथा ।
उपोहनं (या?यथा)मार्गमादावाद्यस्य वस्तुनः ॥१७३॥
कला द्वादश कर्तव्याश्चतस्र इतरादिषु ।
वृत्तिमार्गे प्रयुञ्जीत द्वे वा दक्षिणमार्गके ॥१७४॥
नवाप्युपोहनानि स्युर्मध्ये स्रोतोगतायति ।
तत्रोपवर्तनं कार्यं गते वास्तुचतुष्टये ॥१७५॥
पूर्वातीतनिवृत्तैस्तु पदैस्तदुपपादयेत् ।
पूर्व तुल्यं तु गीत्या स्यादुत्तरे तद् यथा(स्ति?स्थि)ते ॥१७६॥
तस्यान्तेऽर्थसमाप्तिं च न्यासं चाह विशाखिलः ।
एवमेव शिरोन्ते स्यात् प्रतिकूशाखा ततः परम् ॥१७७॥
शाखावत् प्रतिशाखा च भवेदन्यपदा तु सा ।
तालिकाख्यस्तयोरन्त्यः कलाषट्को निवृत्तिमान् ॥१७८॥
अस्यांगेषु यथायोगं योक्तव्ये विविधैकके ।

इति अपरान्तकं समाप्तम् ॥

आदावुल्लोप्यकस्याथ मात्राभिर्परितै(?)युता ॥१७९॥
चतुर्थदशमे शम्ये तालौ तु द्वादशाष्टमौ ।
सन्निपातोऽवसाने च प्रस्तारो यश्चतुष्कले ॥१८०॥
मात्रेयं द्विकलेऽपि स्याद् युक्ता पातैर्यथास्थितैः ।
कलाद्वादशकं चात्र वैहायसिकसंज्ञितम् ॥१८१॥
द्विकलैककलोन्मिश्रो युग्मपातैस्तु सप्तभिः ।
कृत्वा प्रवेशनिष्क्रामौ शम्यातालस्तृतीयकम् ॥१८२॥
कुर्यादुत्तमनिष्क्रामसन्निपातश्च पूर्ववत् ।
शम्यादिः सन्निपातान्तः प्रागुक्तैककलोद्भवे ॥१८३॥
शाखेयं प्रतिशा(खे?खा)च भवेदन्यपदानु(सा?गा) ।
अस्य संहरणं च स्यादुत्तरे तद्यथास्थिते ॥१८४॥
अन्ताहरणसंज्ञस्तु त्र्यङ्गोऽन्तस्त्रिविधः स्मृतः ।
(त्रि?वि) विधो युगयुङ् मि (आ?श्र) त्र्यंशोऽङ्गैरेभिरिष्यते ॥१८५॥

स्थितमङ्गं प्रवृत्तं च महाजनिकमेव च।
तत्र स्याद् (वि?द्वि) कले चांगे स्थितंत्र्यश्रस्य षट्कलम ॥१८६॥
निश्शब्दा तु कला तत्र चतु (र्थ्य?र्थ्यन्य) यथोचितम्।
युक्तमेकक(लो?ले)नात्र प्रवृत्तं पञ्चपाणिना ॥१८७॥
स्थितवत्तु निवृत्त्यन्तं महाजनिकमिष्यते ।
तत्र स्याद् द्विकले योगे स्थितं चच्चत्पुटाश्रयम्॥१८८॥
निश्शब्दा पञ्चमी तत्र कला शेषं यथोदितम्।
निष्क्राम एकः शम्ये द्वे तालादियुग्म एव च॥१८९॥
आहार्यः सन्निपातश्च प्रवृत्तिमिह कीर्त्तितम्।
इदमेव+निवृत्त्यन्तं परं च स्थितवत्तु तत् ॥१९०॥
इति युग्मौजमिश्रत्वा(नु?द्)भयोर्मिश्रितोच्यते ।
आहुर्युग्मप्रवृत्താख्यमुद्घट्टाख्यं कलात्रयम ॥१९१॥
उपवर्तनसंज्ञं तत् प्रवृत्तं कैश्चिदिष्यते ।
अथाङ्गविधिस्यादौ विविधो मुखसंज्ञितः ॥१९२॥
विविधो वा प्रवृत्तं वा नवप्रतिमुखं भवेत् ।
वैहायसिकमङ्गैः स्यादेकाद्यैः षट्पदैर्युतम् ॥१९३॥
विविधाः स्युरतोऽन्यानि समस्तान्येकका(नि)वा।
एवमङ्गैरुपाङ्गैश्च विंशत्यंशमिदं परम् ॥१९४॥
षडङ्गमपरं ज्ञेयं तच्च तालसमाप्तिकम् ।

उल्लोप्यकं समाप्तम् ॥

अथ वस्तु प्रकर्याः स्यात् षण्मात्रं वा तु शोभितम ॥१९५॥
शम्यान्तास्तत्र मात्राः स्युर्द्वितीयान्त्यविवर्जिताः ।
द्वितीयायाश्चतुर्थ्याश्च पंचम्याश्च यथाक्रमम्॥१९६॥
ताला गुरुभिराख्याताः षोडशद्वादशाष्टमाः ।
ततो द्वैकलमद्रक्यः कलाभ्यां तास्तु षोडश ॥१९७॥
इति वस्तूनि चत्वारि त्रीणि सार्धान्यथापि वा।
त्रीणि चार्धानि चेदर्धमादौ दक्षिणमार्गके ॥१९८॥
यदा तदपि वृत्तौ स्यात् पूर्णमेवभवेत् तदा।
उपोहनं च तत्राद्यं स्मृतं चार्थविवर्जितम ॥१९९॥
उभयोः पक्षयोस्तत्र कर्तव्ये विविधैकके ।
वस्तुन्यन्त उपान्त्याया मात्रायां गमनान्तरम ॥२००॥
आसारितं कनीयः स्यादिति सङ्ग्रहणं स्मृतम्।

प्रकरी समाप्ता ॥

अथ नानापदौ पादौ तुल्यगीत्यादिलक्षणौ ॥२०१॥
पृथगोवेणकस्य स्यादपरान्तकवस्तुवत् ।
द्विकलो माषघाताख्यः पञ्चपाणिरतः परम् ॥२०२॥
असमानत्वनित्यत्वे तस्य प्राधान्यकारणे ।
द्वितीया चाष्टमी चैव द्वे शम्ये परिकीर्त्तिते ॥२०३॥
चतुर्थषष्ठनवमास्तालाः शेषं यथोदितम् ।
अपरान्तकवच्चात्र विज्ञेयमुपवर्तनम् ॥२०४॥
ऊर्ध्वं संपिष्टकं वा स्यादुभयत्रापि वा पुनः ।
उपवर्तनवत् सन्धिस्तत्स्थः स्याच्चतुरश्रकः ॥२०५॥
युग्मप्रवृत्तवत् कार्यं सन्धिवद् वज्रसंज्ञितम् ।
संपिष्टकाख्यम(न्त्र?त्र) स्याद् वैहायसिकसम्मितम् ॥२०६॥
निष्क्राम एक(त्रि?स्त्रि)श्शम्यास्त्रितालोऽन्यद्‌यथोदितम् ।
प्रवेण्यामुप(दद?पात)श्च द्विकले स्युरिहोत्त(रः?राः) ॥२०७॥
उपपाते द्वितीयस्तु तालः कैश्चिदुदाहृतः ।
अन्ताहरणमप्यत्र भवेदन्तसमन्वितम् ॥२०८॥
एवं तु द्वादशाङ्गानि सप्त वास्योपपादयेत् ।
संपिष्टकप्रवेण्यौ च तथा चैवोपवर्तनम् ॥२०९॥
उपपातं च सप्ताङ्गे न प्रयुञ्जीत गीतवित् ।
प्रवृत्तं चावगाढं च प्रवेणोरिह तु क्रमात् ॥२१०॥

ओवेणकं समाप्तम् ।

ाय: शेषेषु विविध एकैकं चोपवर्तके ।
अथार्धान्ते च मात्राणां तालशम्ये यथाक्रमम् ॥२११॥
चतुर्दश्यां च पञ्चम्यां मात्रायां ताल इष्यते ।
षष्ठी तु मन्द्रकान्त्यावन्मात्रा रोविन्दकस्य तु ॥२१२॥
तत्राष्टकलमाद्याया मात्रायाः स्यादुपोहनम् ।
पूर्ववत् त्रिकलं कार्यमन्यासां प्रत्युमोहनम् ॥२१३॥
पादः पूर्वोऽयमपरस्तद्वदन्यंपदः स्मृतः ।
कलास्वष्टासु योऽन्यासु वर्णः पूर्वस्य गीयते ॥२१४॥
स च द्वितीयपादादौ स च प्रस्तार इष्यते ।
द्वितीयपादे प्रस्तारः शरीरद्विकलोत्तरे ॥२१५॥
तत्रोपवर्तनं कैश्चिदिष्यते पूर्ववत्तु तत् ।
तत्रादौ विविधं कार्यं प्रवृत्तमपि वा भवेत् ॥२१६॥

निवृत्तयस्तथा (का)र्या मध्ये(तिऽत्रि)चतुराः स्मृताः ।
अवमर्शे निवृत्ते स्यादुत्तरान्ते च शीर्षकम् ॥२१७॥
अस्यादा(दे?वे)ककं नित्यं प्रवृत्तं चाप्यतः परम् ।
पादादिषु यथेष्टं च योक्तव्ये विविधैकके ॥२१८॥

रोविन्दकं समाप्तम् ॥

अथादावुत्तरस्य स्यान्मुखं प्रतिमुखं तदा ।
उल्लोप्यकवदन्तश्च भवेदनियमस्तु सः ॥२१९॥
द्विकले पञ्च(पाणौ) तु शाखाक्लृप्तिस्तु (पू)र्ववत् ।
तयोर्मध्ये प्रयोक्तव्यं पञ्चपाणौ तु शीर्षकम् ॥२२०॥
परा(णि द्वा)दशाङ्गानि (स्युः) का(व्यान्य?र्याण्य) पराणि [षट् ।
रोविन्दकवदत्रान्यत् पादा++विवर्जितम् ॥२२१॥

उत्तरं समाप्तम् ॥

इत्येवमृषिभिर्गीतं सामवेदसमुद्भवम् ।
सप्तरूपमतो जातं गीतजातं पुरा किल ॥२२२॥
तत्र संक्षेपपक्षो यः शममार्गः स उच्यते ।
विस्तरं चात्र+++++वयवलक्षणम् ॥२२३॥
तत्र वाद्यादिको भेद उत्तरे खञ्जनर्कुटे ।
तत्रासारितकेष्वादौ शम्यादियुगथोत्तरौ ॥२२४॥
मुक्तिकः सन्निपाता(न्तके?न्ते क)निष्ठेऽथ लयान्तरे ।
मध्यमे द्विकलः कार्यो++++चतुष्कलः ॥२२५॥
कार्यः ञ्चक(ला?लोऽ)न्येषामेकवृद्धमुपोहनम् ।
उत्तरे याः कला अन्त्या नव सप्त दशैव तु ॥२२६॥
क्रमे(ण सौ ? णास्व)न्त्ययोः कल्प्यस्तालः प्रथमवस्तुनः ।
आसारितसमूहेन वर्धमानं यथाविधि ॥२२७॥
आवृत्त्या पूर्वगीतानां खण्डिकानां तदुच्यते ।
नवाष्टौ द्विगुणास्ताश्च कलास्तद्द्विगुणाः क्रमात् ॥२२८॥
चतस्रः खण्डिका ज्ञेया दिद्वद्धिर्वर्धमानके ।
तासामेतानि नामानि विज्ञेयानि यथाक्रमम् ॥२२९॥
विशाला सङ्गता चैव सुनन्दा सुमुखी तथा ।
पञ्चप्रभृत्येकवृद्धाः कलास्ता(सा)मुपोहनम् ॥२३०॥

पृथ(क्) प्रयोगे तालश्च कथ्यतेऽयं यथाक्रमम् ।
मध्यमासारिताद्यस्य वस्तुनो यदुदाहृतम् ॥२३१॥
द्विचतुष्कलयुग्मश्च युग्मौजश्च चतुष्कले ।

इति वर्धमानकं समाप्तम् ॥

अथादौ पाणिकायाः स्या(द्) मुखं प्रतिमुखं तथा ॥२३२॥
मात्रा रोविन्दकस्यस्यात्तस्य तालः पृथक् पृथक् ।
आ (रा?का)रेण विदार्यः स्युः केवलेनान्तरान्तरा ॥२३३॥
अपि वा नान्तराः कार्या (आकार)पदपूर्विकाः ।
अतः परं शरीरं तु पञ्चपाणि चतुष्टये ॥२३४॥
यथास्थिते प्रयोक्तव्यं शिरस्संपिष्टकैककम् ।
विद्यादुपोह्नादीनि मुखादी(नि) यथाक्रमम् ॥२३५॥
(आ)सारितानां तद्वच्च वर्धमानस्य खण्डिकाः ।
अथेहानुक्ततालानां गीतावयवसम्भवः ॥२३६॥
तालः शा+++++भ्यां संसाध्यो युक्तितः क्वचित् ।
गीतयोऽपि चतस्रस्तु मागध्याद्याः समासतः ॥२३७॥
तत्र स्यान्मागधी चित्रे पदैः समनिवृत्तकैः ।
अर्धकालनिवृत्तैस्तु वर्णाद्या चार्धमागधी ॥२३८॥
वृत्तौ लघ्वक्षरप्राया गीतिः सम्भाविता स्मृता ।
गुर्वक्षरैस्तु पृथुला वर्णाढ्या दक्षिणे सदा ॥२३९॥
मार्गेषु ता यथायोगं चतस्रो गीतयः स्मृताः ।
अथ मार्गा य उद्दिष्टास्तेषां मूलं ध्रुवः स्मृताः ॥२४०॥
मात्रिकः स प्रयोक्तव्यः सुविविक्तलयान्वितः ।
ततः स्याद् द्विगुणाश्चित्र उत्तरौ द्विगुणोत्तरौ ॥२४१॥
ज्ञात्वैवं सर्वगीतानि सर्वमार्गेषु योजयेत् ।
पूर्वाचार्यमतस्यैतद् दिङ्मात्रं समुदाहृतम् ॥२४२॥
तेषां दृष्टिं समालोक्य समाधेयस्तु साधुभिः ।
वे++++++मा++++++++ ॥२४३॥
अकरोद् दत्तिलः शास्त्रं गीतं दत्तिलसंज्ञितम् ॥२४४॥

इति दत्तिलम् समाप्तम् ॥

दत्तिलम्

परमात्मा को, (ईशान–शंकर जी) तथा ब्रह्मादि देवताओं एवं गुरु-लोगों को प्रणाम करके यह गान्धर्व शास्त्र का संक्षेप सार रूप से मैं कह रहा हूँ ॥१॥

प्रारम्भ में गान्धर्व (उपवेद) ब्रह्माजी से नारदादिकों ने प्राप्त किया था, फिर ब्रह्माजी के पुत्र नारद जी ने अथवा विधि विधान (नियमोपनियम) के साथ लोक में (दक्षिणोत्तर भेद से) अमरकोषकार ने 'प्रत्यगात्' शब्द के लिए लिखा है—'दिग्देशकाले पूर्वादौ प्रागुदक्प्रत्यगादथः।' अर्थात् 'दक्षिण' से 'उत्तर' से दोनों के अर्थ में। काण्ड ३, वर्ग ४ (अव्ययवर्ग) श्लोक २३। महर्षि पाणिनि ने इस पर 'दक्षिणोत्तराभ्या-मतसुच्' सूत्र लिखकर 'स्वार्थ में' 'अत सुच्' प्रत्यय किया है। अध्याय ५, पाद ३, सूत्र २८ किन्तु एक तो 'प्रत्त्यगाद्' का 'प्रत्तगाद्' अशुद्ध रूप लिपि में है। दूसरी बात इस 'हलन्त–प्रत्त्यगाद्' शब्द का सप्तमी (अधिकरण) के एक वचन में 'प्रत्त्यगादि' रूप ही बनेगा ? यदि यहाँ 'इकारान्त' आदि 'रात्रि' जैसा तथा 'उकारान्त' 'गुरु' 'क्रतु' जैसा रूप होता तो 'प्रत्त्यगादौ' बन सकता था, किन्तु 'प्रत्त्यगाद्' में नहीं ? तीसरी बात जब कि यह अव्यय पद है, तो उसमें 'लिङ्ग' 'विभक्ति' (कारक) 'काल' 'वचन' आदिकों में कोई भी परिवर्त्तन नहीं होता, क्योंकि अव्ययों का नियम है 'सर्वत्र त्रिषु लिङ्गेषु सर्वासु च विभक्तिषु। वचनेषु च सर्वेषु यन्न व्येति तदव्ययम् ॥' अतः हो सकता है कि पाणिनि के व्याकरण सम्बन्धी नियम बनाने के पूर्व ही यह ग्रन्थ लिखा गया ? आगे भी कितने ही स्थलों पर इन नियमों की उत्श्रंखलता है। देखो श्लोक २०७ की टिप्पणी। जो इतिहासवेत्ता पाणिनि को ईसा पूर्व की चौथी शताब्दी का मानते हैं, तो 'दत्तिल' उनसे भूतपूर्व का ही सिद्ध होगा ! कोई इतिहासकार (यदुनाथ सरकार) पाणिनि काल ७०० वर्ष पूर्व ईसा के (पंजाबी आर्यों में) ही बताते हैं, तब निश्चय दत्तिल रामायण-कालीन ही सिद्ध होता है। यदि पाणिनि को ऐतिहासिकों की धारणा-नुसार चौथी शताब्दी (पू० ई०) का ही मान लें, तो उसके सूत्रों पर जो महर्षि पतञ्जलि ने 'महाभाष्य' रचा वह पाणिनि से पूर्वकालीन कैसे हो सकता है ? क्योंकि पुष्य मित्र (१८४ पू० ई०) ने जो यज्ञ (अश्वमेध) किया था, उसका ऋत्विज पतंजलि था, उसने महाभाष्य

में स्वयं लिखा है 'पुष्यमित्रं यजामहे' अतः पतंजलि से पूर्व का पाणिनि तथा पाणिनि से प्रभूत पूर्व का दत्तिल विवाद वञ्चित सिद्ध होता है। उसका प्रचार किया। ॥२॥

पदों में स्थित स्वरों का संघात जब कि वह ताल के द्वारा नियमित रूप से प्रयुक्त होता है, तब उस प्रयोग के नामकरण में 'गान्धर्व' ऐसा बोला जाता है ॥३॥

वर्णों अथवा अक्षरों के संघात (समूह) से पद या शब्द बना करते हैं, उन शब्दों के उच्चारण में जो समय लगता है, उसके माप को ही ताल का सूक्ष्म-भाग मात्रा कहते हैं, इन्हीं से छन्द बना करते हैं, छन्दों में वर्णों द्वारा बनाये शब्दों के अनेकों अर्थ होते हैं, जिनके द्वारा नव-रसों का प्रादुर्भाव होता है। गोस्वामी जी ने बालकाण्ड के मंगलाचरण में लिखा है—'वर्णानामर्थसंघाना रसानां छन्दसामपि।'

शब्द शास्त्र (व्याकरण) आदि (कोषादि) के अनुग्रह (अध्ययन करने के पश्चात्) लोक के द्वारा पदों को जाना जाता है। अतः उसका प्रसिद्ध नाम (गान्धर्व) आदि योजन (प्रारम्भ से रखा हुआ) पूर्ण बुद्धिमत्ता द्वारा जानना चाहिये ॥४॥

अतः इस समय संक्षेप की इच्छा वाले मेरे द्वारा गान्धर्व दो रूप से कहा जा रहा है। (१ निबद्ध, २ अनिबद्ध) उसमें स्वरों के अन्दर जो गाया जाता है (ताल का कोई बन्धन नहीं) प्रथम वही बताया जा रहा है ॥५॥

मतङ्ग ने बृहद्देशी में बताया है कि मार्गी सङ्गीत के ही निबद्ध और अनिबद्ध दो प्रकार बन गये! 'निबद्धश्चानिबद्धश्च मार्गोऽयंद्विविधोमतः।' (बृहद्देशी)

श्रुतियाँ और स्वर दो ग्राम (१ षड्ज, २ मध्यम पहिले जिसे स्वर 'सा' बनाकर गाते रहे वही षड्जग्राम, पीछे उसके मध्यम को 'सा' बना लिया ? प्रायः ऐसी बन्दिशों में जिनमें मन्द्र के स्वर अधिक प्रयुक्त होते हैं, उनमें लोग ऐसा ही करते हैं) तीसरे 'गान्धारग्राम' के सम्बन्ध में कुछ लोगों ने लिखा है—जब मध्यम में षड्ज की कल्पना की, तो पहिले षड्जग्राम का जो धैवत था, वह गांधार बना। पीछे इसी गांधार

को स्वर 'सा' बना लिया तो 'गान्धार-ग्राम' नाम पड़ा ? तो यह तार (सप्तक) के ऊंचे स्वरों का गायन होगया ! उदाहरण में:—

सा, रे, ग, म, प, ध, नि, सां (षड्ज ग्राम)

रे ग म प ध
सा, रे, ग, म, प, ध, नि, सां रें गं (मध्यम ग्राम)

सा, रे, ग, म, प, ध, नि, सां (गान्धार ग्राम)

यह गान्धार ग्राम अथवा तार के ऊँचे स्वरों का गायन सच पूछो तो आज किसी-किसी फिल्मी रिकॉर्ड में सुनाई देता है जिसमें तार के उच्चारित शब्दों में केवल 'चीं चीं' के और कुछ समझ में नहीं आता ? इसीलिये भरत, मतंग के समकालीन विश्वावसु ने लिख दिया है कि—'स्वर्ग के अतिरिक्त और कहीं गान्धार ग्राम (तार का ऊँचा संगीत) है नहीं !' इसमें उन्होंने नारद को गवाह बनाया है—'स्वर्गान्नान्यत्र गान्धारो नारदस्य मतं यथा।' (वैश्वावास्वके) वास्तव में नारद ने (संगीतमकरन्द २० श्लोक सं० अध्याये पाद ४ पृष्ठ २३ में) कहा है कि 'तारः श्रुतिकठोरत्त्वात्त्याज्य एव न शंमयः। और भी कहा है कि—'अधिक ऊँचा गाना भरतादिक मुनियों ने निकृष्ट (निषिद्ध) बताया है—'उच्चैरुच्चारणादुक्तं निकृष्टं भरतादिभिः।' ४५ सं० अध्याये ४ पादे २५ पृष्ठे। राग विबोधकार-सोमनाथ जी (सोमेश्वर) तो लिखते हैं कि-'अति तीव्रनाद में ऊँचे स्वरों में गाने से रञ्जन की सत्ता (रक्ति) और स्वरता ही नहीं होती ? 'किन्त्वतितीव्रे नादे न स्वरता रञ्जनाभावात्।' ५१। २ रा० वि०। वस्तुतः जब स्वर=ऊँचा, ग=गमन, स्वर्ग के माने हैं-ऊँचा जाना और ऊँचा गाना तो हमारे फिल्मी गायक भी स्वर्गीय सिद्ध हुये ! तो नारद ने उन्हें 'त्याज्य' क्यों लिखा ? शायद 'श्रुति कठोरत्त्वात्' सुनने में कड़ा वही 'चींचीं' जैसा शब्द समझमें नहीं आते ?

'बृहदारण्यक' में भी 'स्वर्गिणश्चोच्चैर्गायन्ति।' लिखा है ! क्या वास्तव में स्वर्गीय लोग ऊँचा 'सा' बनाते थे। वैदिक-गायन के प्रकारों में से 'आरण्यक' एक प्रसिद्ध गायन-प्रकार भी है। इस पर हमें कुछ बताना है। जो वैदिक-गायन-शैलियां, ऊह्य, गेय गान, सामिक, अरण्य हैं वे ही आज के अर्थ में—१-मन रागी, २-जन रागी, ३-धन रागी और ४-बन रागी होते हैं। तानों के साथ की मूर्च्छनायें, तीनों

स्थान (हृदय, कण्ठ, शिर) वृत्तियाँ (ध्रुव का) निःशंक जी ने १६ प्रकार लिखे हैं। तथा साधारण में शुष्क ॥६॥ 'शुष्क संज्ञा' भरत ने साधारणान्तरित स्वरों की बताई है जैसे साधारण गान्धार और अन्तर गान्धार।

जातियाँ (नाट्य शास्त्र के २ ग्रामों की १८) वर्ण (१—स्थायी, २—अन्तरा, ३—संचारी, ४—आभोग) अनेक अलंकारों के समेत, (भरत ने २८ वें अध्याय पृष्ठ ३२१ में २ साधारण लिखे हैं 'द्वे साधारणे स्वर साधारणं जाति साधारणञ्चेति') यह स्वर सम्बन्धी संगीत का समुद्देश है, जिसका निर्णय संक्षेप में किया जायगा ॥७॥

मनुष्यों के हृदय में मन्द्र स्थान होता है जिससे २२ प्रकार की सूक्ष्म ध्वनियां (श्रुतियां जो आज २४ [1]कण स्वरों के रूप में हैं) निकलती हैं।

वही कण्ठ के बीच में (दूसरे स्थान 'मध्य' की पुनरावृत्ति) होती है। और शिर में तार स्थान बताया गया है। इसे 'ब्रह्मरन्ध्र' या 'सहस्रारचक्र' अथवा 'मेडुला' भी कहते हैं। यह शरीर की वीणा के ३ ग्राम हैं मन्द्र, मध्य, तार जो लकड़ी की वीणा के समान ही विश्वावसु ने बताये हैं 'दारवी गात्रवीणा च द्वे वीणे स्वरधारिके' ॥८॥

यहाँ टिप्पणी में 'कण्ठे मध्यः स्यात् इति क्षीरस्वामिना नाट्यवर्गे स्मृतः पाठः।' दिया है। अमरसिंह द्वारा लिखित अमर कोष की प्रसिद्ध ८ टीकाओं में एक 'अमरकोशोद्घाटनम्' भट्ट क्षीरस्वामी की लिखी टीका है उसमें 'कण्ठे मध्यः स्यात्' दिया है तो अमरसिंह ने अपने अमरकोष के पहिले काण्ड के ७ वें नाट्यवर्ग में दूसरे श्लोक में लिखा है 'कलःमन्द्रस्तु गम्भीरे तारोऽत्युच्चैस्त्रयस्त्रिषु ॥ २ ॥ 'त्रयस्त्रिषु' तीन की गिनती बताई किन्तु मन्द्र तथा तार दो ही स्थानों का नाम आया 'मध्य' का नाम ही नहीं है। सारे ही भरत निःशंक, अहोबल आदि संगीताचार्यों ने तीनों स्थानों का नाम दिया है। भट्ट क्षीर स्वामी ने यदि मध्य स्थान का कण्ठ में होना लिख दिया तो क्या यह दत्तिल का उद्धरण होगया ? क्योंकि 'कण्ठ मध्ये' का 'कण्ठे मध्यः' उद्धरण नहीं

१-कण स्वर को ही 'कन्सरा' कहते हैं। स्वर—श्रुति का ही अन्तर सुरीला और कंसुरा है। समस्त आचार्यों ने 'श्रुत्यन्तरानु भावीयः।' कहा है।

कहाता ? यू तो शार्ङ्गदेव ने रत्नाकर में 'कण्ठे मध्यो' लिखा है। और सोमनाथ ने राग विबोध में—'हृत्कण्ठमूर्धनादाः क्रमादमी मन्द्रमध्य ताराख्याः।' अहोबल ने भी 'कण्ठे विशुद्धचक्रंस्यात्' ३७ लिखा है। तो क्या यह सारे ही उद्धरण दत्तिल के हैं जो टिप्पणीकार ने 'नाट्य-वर्गेस्मृतः पाठः' लिख दिया ? दत्तिल का पाठभेद अमरकोष मे ? यह भी नहीं कि किसी संगीतग्रन्थ में हो ? इस पर संगीत के सम्पादक महोदय लिखते है कि अमरकोष की व्याख्या मे जैसे के तैसे श्लोक उद्धृत हुये हैं ? और तमाशा यह कि जब 'धन्वन्तरिः क्षपेणकोऽमरसिंह शङ्क वेतालभट्टघटघर्परकालिदासाः।' आदि विक्रम की सभा के नवरत्नों वाला अमरसिंह ३७५–४१३ ई० के अमरकोष में तो 'कण्ठे मध्येः का नाम नहीं है किन्तु उनके बाद का क्षीरस्वामी यदि टीका मे दे देना है तो इससे ईसा पूर्व की पहिली या दूसरी शताब्दी का दत्तिल माना जाता है ? जब कि भागवतकार ने भरत का पुत्र सुमति लिखा है 'भरतस्यात्मजः सुमतिर्नामाभिजितो यम ह वा व' १ श्लोक अध्याय १५ स्कन्ध ५। नाट्य शास्त्र के २० वे अध्याय मे भरत मुनि के १०० शिष्यों का उल्लेख है, उन्हें अपनी नाट्य कला पर घमण्ड हो गया था किसी राजा के यहाँ नाट्यप्रदर्शन के लिये भेजने पर वे नहीं गये अतः मुनि-राज ने क्रोधित हो शाप दे दिया कि तुम भविष्य (कलियुग) में शूद्र कहलाओगे ! वही आज के नट जो अपने को कलावन्त का अपभ्रन्श 'कलाउन्त' बताते हैं ? वास्तव में शाप ही जान पड़ता है जो वे भरत मुनि के शिष्य अंगत्रयी सम्पन्न नाट्यकला से वञ्चित हो बांसों के ऊपर कला खाने लगे हैं। सम्भव है इन्हीं शिष्यों में प्रधान कोई 'दत्तिल' रहा हो ? या सुमति का ही दूसरा नाम दत्तिल अथवा वह उसका भाई हो ? भरत जी के पिता ऋषभदेव जी जो जैन संप्रदाय के सर्व प्रथम तीर्थंकर (आविष्कारक) माने गये हैं। जैन सिद्धान्त में भी 'सुमति' का उल्लेख है जिसे ५ वां तीर्थंकर माना है (देखो—पउम चरिउ' या जैन रामायण या जैन पद्मपुराण 'वंशोत्पत्ति नामा महाधिकार ५ पर्व ४) सुमति की स्त्री 'वृद्धसेना' से देवजित् या लोकजित् पुत्र हुआ वही आगे कामवासना पर विजय पाने से 'मारजित्' बोला गया ? मदनो 'मन्मथोमारः' (अमरकोष) 'वृद्धसेनायां देवताजिन्नाम पुत्रो ऽभवत्' । भागवत २।१५।५ यही 'जिन्नाम' 'जितेन्द्र' कहलाया ? 'समन्त भद्रो भगवान्मारजिल्लोकजिज्जिनः।' १३ अमरकोष। इसीका दूसरा नाम सिद्धार्थ था अतएव कुछ लोग इस अमरकोष की उक्ति से बुद्ध का अर्थ

निकालते हैं ? नहीं यह तो 'कुन्दा ग्राम (कुण्डिनपुर) का सिद्धार्थ था जिसे वैशाली के राजा कटक या चेटक की लड़की 'त्रिशाला' ब्याही थी ? (जैन 'पउम चरिउ' मे बहिन लिखी है) शुद्धोदन के पुत्र गौतम 'सिद्धार्थ' को तो अमरकोषकार पृथक् से बताता है—'स शाक्य-सिंहः सर्वार्थसिद्धः शौद्धोदनिश्च सः। गौतमश्चार्कबन्धुश्च मायादेवी-सुतश्च सः ॥' १५ इसी कुन्दा ग्राम के सिद्धार्थ से ५४२ पूर्व ईसा महावीर बर्द्धमान पैदा हुये ? तो जब महावीर का पितामह (बाबा) सुमति या दत्तिल होता है तो यह २०० या १५० वर्ष का समय निश्चित् हो जाता है ? अर्थात् ७०० पूर्व ईसा में दत्तिल सुमति आदि का होना अवश्य भाव्य है ? तब कैसे ईसा पूर्व की पहिली या दूसरी शताब्दी इसकी हो सकती है ? महावीर की माता त्रिशाला की छोटी बहिन 'चेलना' अर्थात्—वैशाली के महाराज कटक की दूसरी कन्या मगध राजग्रह के राजा बिम्बसार (जिसका जैनपुराणों में 'श्रेणिक' नाम लिखा है) को ब्याही थी जिससे अजात शत्रु (कुणिक जैन) पैदा हुआ था ? ५२० ईसा पूर्व में बुद्ध के पिता शुद्धोदन तथा उसके पुत्र राहुल के साथ श्रेणिक भी बौद्ध बन गया था जिसे ४९१ पू० ई० मे कुणिक ने राज्य लेने के लिये मार डाला। मुनिराज भरत पंजाब के ब्रह्मावर्त्त के आर्य स्वायंभुव मनु जिन्होंने मानव धर्मशास्त्र (मनुस्मृति) लिखा उनके वंशज थे। राजा प्रियवृत (पूर्व चित्ति अप्परा) से आग्नीध्र पैदा हुआ था उससे नाभि राजा जिससे ऋषभ देव भरत का पिता ! भरत मुनि पंजाब से वैशाली के हरिक्षेत्र में जो 'पुलहाश्रम' था वहाँ चले गये थे। पटना से लगभग २७ मील स्थित उत्तर की ओर गण्डकी नदी के पूर्व मे जिसे अब 'बषाढ़' कहते हैं 'स्वयं सकल सम्पन्नि-केतनात्स्वनिकेतनात्पुलहाश्रमं प्रवव्राज।' भागवत ८। ७। ५ भरत के पिता ऋषभदेव के समय तक इस देश को भारत नहीं कहते थे। इसका नाम 'आज नाभखण्ड' था इसकी सीमा चीन या टर्की का वर्त्तमान पहाड़ 'थियान शान' जिसका अर्थ 'देवतागिरि' होता है जिसे पहिले 'सुमेरु' कहते थे वहां तक थी ! आज (ब्रह्मा) वहाँ कमल नाभ की नाभि से पैदा हुये थे अतः इस खण्ड का 'अज नाभ' नाम पड़ा। भरत के पितामह 'नाभि' का नाम भी इसीका 'अभिबोधक' था ? भागवतकार ने भरत के ५ पुत्रों के समय से इसे भारत कहने लगे लिखा है किन्तु उनमें दत्तिल का नाम नहीं है अतएव शिष्य सिद्ध होता है—[१]'सुमति [२]राष्ट्रभृतं, [३]सुदर्शन, [४]मावरणं, [५]धूम्रकेतुमिति। अजनाभं नामैतद्वर्ष

भारतमितियत आरभ्यव्यपदिशन्ति ।' ३।७।५ भागवत भरत की जीवन-चर्या में ३।३ प्रक्रियायें निकलती हैं–१ पंजाब (ब्रह्मावर्त्त) २ वेशाली (बषाढ़) ३ दक्षिण कर्णाट (मद्रास) १ जड़ भरत २ हिरण शरीर ३ पुनर्जन्म, १ रहूगण की पालकी (सिन्धु सौवीर का राजा) २ खेत की रेखवाली, ३ महाकाली बलिदान १ ब्रह्मा से अध्ययन ("ब्रह्मणोऽधीत्यभरतः—पारिजात) २ गन्धर्वाऽप्सरसो शिक्षा ३ कैलाश परीक्षा (शभोरग्रेप्रयुक्तवान्–पारिजात) १ शिवनर्त्तन २ तण्डु नृत्य (ताण्डव) ३ लास्य (उमानृत्य) नाट्यशास्त्र अंगत्रयी १ गायन २ वादन ३ नर्त्तन।

वेशाली के हरिक्षेत्र में भरत पहिले ही पहुँच गये थे इधर विश्वामित्र (कोशाम्बी निवासी) राम लक्ष्मण को साथ ले जनकपुरी जा रहे हैं मार्ग में वेशाली पड़ती है। राम ने वहां के राजा का नाम पूछा तो विश्वामित्र ने उत्तर दिया—

'तस्य पुत्रो महातेजः सम्प्रत्येष पुरीमिमाम् ।
आवसत्परमप्रख्यः सुमतिर्नाम दुर्जयः ॥

१७ सर्ग ४७ बालकाण्ड बाल्मीकिः ।

मुनिराज बाल्मीकि ने जब भरत मुनि का नामोल्लेख भी किया है तब कैसे ईसा पूर्व की १।२ शताब्दियां समय सारिणी बन सकती हैं ? राम रात भर वेशाली में ठहरे सुमति ने उनका यथोचित सत्कार किया। वेशाली से भरत दक्षिण कर्णाट देश में चले गये थे नाट्यशास्त्र वहीं की रचना है अतएव कर्णाट नृत्य भरत नृत्य का पर्यायवाची है ?

'दक्षिणकर्णाटकान्देशान्यद्रच्छयोपगतः ।'

भागवत—८।७।५

वीणा में नीचे–ऊपर की उत्तरोत्तर तारतम्य से (जिसमें मध्यगत ध्वनि विच्छेद न हो पर्दे न कटें) वे सूक्ष्म ध्वनियां सुनी जाती हैं और सुनने से ही उन्हें श्रुति कहते हैं ! ॥६॥

वे ध्वनियां जो पहिले २२ थीं किन्तु अब स्वर–साम्य (हार्मोनी) होने से २४ मानी जाती हैं, उनमें से कुछ (१२) लेकर सर्व जाति

गीतियों में गाई जाती हैं। उन २२ में प्रयोग द्वारा जिनका आदर होता है अतएव उन्हें स्वर कहते हैं ॥१०॥

स्वर ऊंचे को कहते हैं। प्रत्येक दूसरे से एक पद की ऊँचाई पर ही है अतएव दूसरे आचार्यों ने एक श्रुति के अन्तर पर 'श्रुत्यन्तरानुभावी यः' स्वर की परिभाषा लिखी है।

सात स्वर षड्जादिक हैं और षड्ज, मध्यम २ ग्राम हैं। कुछ लोग तीसरा गान्धार ग्राम भी बताते हैं किन्तु वह तो यहां देखने में नहीं आता ॥११॥

पहिले षड्ज ग्राम में जो पहिली ध्वनि होती है वही षड्ज कहलाती है उसके ऊपर तीसरी श्रुति पर ऋषभ पड़ता है इसमें सन्देह नहीं ॥१२॥

उससे आगे दूसरी पर गान्धार, उससे ४ पर मध्यम फिर मध्यम के समान ही ४ पर पञ्चम, आगे ३ पर धैवत ॥१३॥ २ पर निषाद फिर ४ पर षड्ज। मध्यम ग्राम में पञ्चम मध्यमाद्यः मध्यम से जो त्रिश्रुतिक होता है अर्थात्–मध्यम जब स बन गया तो पञ्चम ऋषभ बना जो ३ श्रुति का होता है ॥१४॥

इस प्रकार इन समस्त ध्वनियों की विशेषतायें षड्जादि में अन्तर पड़ जाने की व्यवस्थायें जो जानता है वही इस स्वर मण्डल को समझता है ॥१५॥

दो श्रुतियों के उत्कर्षण (खिंचाव) से निषाद की काकली संज्ञा होती है (कैशिकी निषाद कोमल और शुद्ध को काकली कहते हैं) उसी प्रकार गान्धार भी अन्तर स्वर संज्ञा पाता है। (कोमल को पूर्व गान्धार या 'साधारण गान्धार' और शुद्ध को अन्तर गान्धार बोलते हैं ॥१६॥

काकली निषाद और अन्तर गान्धार इन दोनों की अंशहीनता होने से स्वरता नहीं कही जाती अतः यह दोनों प्राप्ति के लिये बताये गये हैं ॥१७॥ वास्तव में आज भी कोई राग निषाद वादी नहीं है क्योंकि उसका संवादी तार का मध्यम पड़ेगा वह इतना प्रयुक्त नहीं होता है।

जो स्वर अत्यन्त प्रयुक्त या बाहुल्य वाला होता है वही वादी अथवा अंश कहलाता है। जिनका परस्पर वाद-संवाद है वे प्राय: नवीं अथवा १३ वीं श्रुति पर पड़ा करते है ॥१८॥

इन दोनों के अतिरिक्त शेप स्वर अनुवादी होते हैं। दूसरी श्रुति के अन्तर पर विवादी माना जाता है (जैसे-भूप कल्याण (भूपाली) में गान्धार वादी उसके आगे दूसरी श्रुति का अन्तर वाचक मध्यम विवादी बना है) इन वादी, संवादी, अनुवादी, विवादी, ४ प्रकार के स्वरों को स्वरयोग-ज्ञाता को जान लेना चाहिये ॥१९॥

मध्यम ग्राम में पञ्चम को वैसे ही षड्ज ग्राम में धैवत को अंशहीन (वादित्व रहित) समझना चाहिये। मध्यम को दोनों ही ग्राम में अनांशी जानना चाहिये ॥२०॥

षड्ज मध्यम दोनों ग्रामों में जितने ही स्वर होते हैं उतनी ही मूर्च्छनायें उनकी उन ग्रामों में पाई जाती हैं ॥२१॥

१ उत्तर मन्द्रा २ रजनी ३ उत्तरायता ४ शुद्ध षड्जा ५ मत्सरीकृता ॥२२॥ ६ अश्वक्रान्ता ७ अभिरुद्गता यह सातों षड्ज ग्राम की मूर्च्छनायें हैं जो स्वरों के क्रमोच्चारण से बना करती हैं ॥२३॥ मध्यम ग्राम में १ सौवीरी २ हरिणाश्वा ३ कपलोनता ४ शुद्ध मध्यमा ॥२४॥ ५ मान्द्री ६ पौरवी ७ हृष्यका यह सात मूर्च्छनायें होती हैं। ३।४।५।६ इस प्रकार पूर्ण साधारण कृत मानी गई हैं। अर्थात्- म, प, ध, नि, सां / सा, रे, ग, म, प त्रिश्रुतिक मध्यम चतु:श्रुतिक ऋषभ, द्विश्रुतिक धैवत का साधारणकार है ॥२५॥ अर्थात्-जब गान्धार को दो श्रुति के उत्कर्षण (प्रयोग) द्वारा धैवत बना दिया जाता है तो तद्वशात् मध्यमादि की निषादादि पूर्व-स्थिति होती है। वीणा दण्ड की सारिकाओं के सरकाने की थ्यौरी है ॥२६॥ तब जितनी भी षड्ज ग्राम की मूर्च्छनायें हुई थीं उतनी ही मध्यम ग्राम की मूर्च्छनायें बन जाती हैं ॥२७॥

दो श्रुति के अपकर्षण से धैवत को गान्धार कर लिया जाता है तो पूर्ववत् मध्यमादि-षड्ज मूर्च्छना में संभावित होते हैं ॥२८॥

यह इतनी मूर्च्छनायें सारणायें (सारिकाओं के खिसकाने में) वैशिक लोगों द्वारा (वेश्याओं के दढ़ियल उस्तादों द्वारा) कही गई हैं।

(किन्तु आज वे स्वयं ही नहीं जानते ।) भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र के अध्याय २५ श्लोक ११२ पृष्ठ २६३ पर बताया है कि-'वेश्याओं के उपचार से 'वैशिक' कहा जाता है जो विशेष रूप से सारी कला को जानता हो । नर्तन, गायन, वादन तीनों ही अंगों में विचक्षण हो, स्त्रियों के चित्त पर काबू करने वाला हो वही वैशिक होता है !

'विशेषयेत्कलाः सर्वाः यस्मान्तस्मान्तु वैशिकः ।
वेश्योपचारतो वापि वैशिकः परिकीर्त्तितः ॥१॥
यो हि सर्वकलोपेतः त्र्यङ्गेष्वपि विचक्षणः ॥
स्त्रीचित्तग्राहकश्चैव वैशिकः स भवेत्पुमान् ॥२॥

इस वैशिकोपचार का नाट्यशास्त्र में पृथ से वर्णन किया है स्त्रियों द्वारा अभिनय में सजीवता लाई जाती है किन्तु हे ब्राह्मणों ! जो लोग इस चीज़ के महत्त्व को समझें उन्हें चाहिये कि इसके लिये वेश्यायें नियुक्त करें ! (सम्बोधन ब्राह्मण ऋषियों से)

'योषितामुपचारोऽयं यथोक्तो वैशिकाश्रयः ।
एवं वेश्योपचारोऽयं तज्ज्ञैः कार्य्यो द्विजोत्तमाः ॥

—श्लोक ७९ अध्याय २५

दशमी शताब्दी के उत्तरार्ध मेदपाटाधिपति मेवाड़ नरेश महाराजा कुम्भकर्ण ने गोस्वामी जयदेव के गीत गोविन्द की दूसरी अष्टपदी की अपनी 'रसिक प्रिया' टीका में लिखा है—

संस्कृतात्प्राकृतमिष्टं ततोऽपभ्रन्शभाषणम् ।
ततः प्रियतरा वेश्या सर्वतश्चाभिसारिका ।"

संस्कृत से प्राकृत भाषा मीठी लगती है । वह अपभ्रन्श भाषण इष्ट (मनोनुकूल) होता है जो किसी प्रियतरा वेश्या के द्वारा किया गया हो, जो प्रायः अभिसारिका (नायिका) के रूप में हो ! अतएव कालिदास ने अपने नाटकों में स्त्री पात्र अभिनेत्रियों का भाषण प्राकृत में ही रखा है ॥२९॥

इस प्रकार मूर्च्छना को स्थापित करके उसके पश्चात् का अनुक्रम कहा जा रहा है । पांच और छः स्वरों की जो मूर्च्छनायें कही गई हैं उनकी ८४ तानें ही बना करती हैं ॥३०॥

वे मूर्च्छनाओं की तानें 'अग्निष्टोमा' आदि नाम वाली नारदादिकों ने कही हैं और वे देवताओं के आराधन के योग द्वारा पुण्यकारक मानी जाती हैं ॥ ३१ ॥ (देखो बृहन्नारदीय संहिता अथवा मेरी 'पारिजातः' की टीका में)

षड्ज ग्राम के छः स्वर प्रयोग-षड्ज, ऋषभ तथा निषाद् इनके द्वारा और पंचम के द्वारा होते हैं। और मध्यम ग्राम में गान्धार के अन्त तक सा, रे, ग, इन तीन स्वरों के बिना जानना चाहिये ॥३२॥

अपने ग्राम की केवल इतनी मूर्च्छनायें पृथक्-पृथक् करने पर ४६ होती हैं, इसी प्रकार ५ स्वर की भी समझनी चाहिये। (यह कूट-तानें हैं) ॥३३॥

षड्ज ग्राम में षड्ज पञ्चम दो श्रुतियों से हीन करने पर अर्थात् त्रिश्रुतिक रखने पर उसी प्रकार पंचम ऋषभ हीन तीन बताये गये हैं ॥ ३४ ॥

दो श्रुतियों द्वारा धैवत ऋषभ हीन होने पर वैसे ही यह दोनों मध्यम ग्राम में ३५ भेद वाले होते हैं ॥३५॥

वीणा में तान की क्रिया दो प्रकार की होती है, एक तो प्रवेश द्वारा तथा दूसरी निग्रह द्वारा, उसमें प्रवेश तो ध्वनि की एकता (स्वर-साम्य) और स्पश हीनता (मुक्त वादन) निग्रह होता है ॥३६॥

सचमुच यह श्लोक नाट्य शास्त्र का पूरा उद्धरण ही है—ऊपर की दोनों पंक्तियां ज्यों की त्यों मिलाइये !

'द्विविधास्तानक्रिया तन्त्र्यां प्रवेशो निग्रहश्च ।
तत्र प्रवेशो नामाधरस्वरप्रकर्षादुत्तरतार्द्वाच्च ॥
निग्रहस्त्वसंस्पर्शः । मध्यमस्वरासंस्पर्शः ।

नाट्यशास्त्रे अध्याय २८ पृष्ठ ३२१

केवल अन्तर यह है कि भरत ने यह गद्य लिखा है दत्तिल ने पद्य किया है। भावार्थः—वीणा के दण्ड मेरु पर बाज का तार खुला बजने पर मध्यम का 'निग्रह' कहलाता है और अंगुली से दबा के बजाने को 'प्रवेश' कहते हैं।

(३० नम्बर का श्लोक भी ज्यों का त्यों है।)

इस प्रकार तान के सम्बन्ध में करने पर अंश वाले (वादित्व युक्त) स्वर को छोड़कर गिनकर विद्वान इतनी ही मूर्च्छना बनाले ॥३७॥

तारों के क्रम को मिलाकर जो मूर्च्छनायें तनन (प्रस्तार) से बनती हैं वे सम्पूर्ण अथवा अपूर्ण (औडुव षाडवादि) कूटतानें कहलाती हैं ॥३८॥

पूर्ण तानें ५ हज़ार और ३३ संख्या में प्रत्येक ग्राम में बताई गई हैं इस समय उनकी गिनती में उपाय बनाते हैं ॥३९॥

लगातार प्रथम के क्रम से हनन करने (तार छेड़ने) पर प्रकार त्रय के (तीन तरह) समान उसके क्रम होते हैं, शेष सब उत्क्रम (ऊपरी प्रकार) समझे जाते हैं ॥४०॥

सप्तस्वरी मूर्च्छना में सातों को एक एक करके विभाजन किया जाता है, अतएव ४९ कूटतानों के साथ वे कही जाती हैं ॥४१॥

अब वे स्थान जिनमें कि २२ प्रकार की ध्वनियां (श्रुतियां) कही गई हैं ६६ प्रकार होते हैं। उन्हें मन्द्रादि (मन्द्र, मध्य, तार) की सिद्धि के लिये जानना चाहिये ॥४२॥

'तीनों सप्तकों की २२ × ३ = ६६ श्रुतियाँ' दक्षिणी वृत्तिचित्र और वृत्तियाँ होती हैं उनमें यह विधान है कि दोनों ही में गीत का प्राधान्य है और वाद्य उसके क्रमानुसार ॥४३॥

जिन वृत्तियों में आचार्यों ने वीणा वाद्य आदि का लक्षण कहा है वह ग्रन्थ बढ़ जाने के भय से मैंने यहाँ नहीं बताया ॥४४॥

जो गीत की वृत्ति में स्थित वाद्य (गायक के साथ करने का) अगीत में ही प्रयुक्त किया जाये (इन्स्ट्रूमेण्टल) तो वैचित्र्य अर्थ प्रयोग के जानने वालों के द्वारा उसे 'शुष्क' कहा जाता है। सूखा बजना या केवल वाद्य, गीत की लय के साथ जो एक प्रकार का वृत्ति चित्र (आवृत्ति चित्रण) बनता है वह न होने से इस सूखे को 'वैचित्र्यार्थ प्रयोग' कहते हैं ॥४५॥

साधारण में स्वर तथा जाति के उपलक्षण से दो प्रकार होते हैं। उन दोनों में पहिला स्वर साधारण काकली निषाद और अन्तर गान्धार का होता है ॥४६॥

जाति के अन्तर के समान जो जाति में पाया जाता है, उसे एक ग्राम में बाहुल्य (आधिक्य) होने से जाति साधारण कहते हैं। जैसे किसी एक ग्राम (गांव) में अन्यापेक्षा काछी अधिक हैं तो वह काछियों का गाँव कहलाता है। यह जाति साधारण हुआ ॥४७॥

वे जातियां १८ जानिये, उन सप्त स्वरों को जातियों के शुद्ध तथा विकृत २ रूप मुख्य हैं, शेष उनके संकर (मिश्रण) से बनाकरते हैं॥४८॥

षड्जा तथा मध्यमा इन दोनों जातियों के संसर्ग से 'षड्जमध्यमा' जाति बनती है और षड्जा तथा गान्धारो के योग से 'षड्ज कैशिकी' जाति पैदा होती है ॥४९॥

षाड्जी–धैवती इन दोनों से 'षड्जोदीच्यवती' जाति होती है, इन सबके तथा मध्यमा के योग से 'गान्धारोदीच्यवती' बना करती है ॥५०॥

गान्धारी मध्यमा तथा पंचमी इन तीनों के संकर से 'षड्ज धैवती' बनती है और इन चारों के योग से मध्यमोदीच्यवती जाति पैदा होती है ॥५१॥

उपरोक्त तीनों से 'रक्त गान्धारी' तथा नैषादी चौथी जाति बनती है 'आर्षभी' से 'आन्ध्री' (दाक्षिणात्य आंध्र देश की) जो कि गान्धारी के भी संकर से बना करती है ॥५२॥

षाड्जी तथा पञ्चमी इन दोनों से नन्दयन्ती पैदा होती है। षाड्जी नैषादी तथा गान्धारी इन तीनों के द्वारा 'कार्मारवी पैदा की जाती है ॥५३॥

छत्तीसगढ़ की कुछ रियासतें सरगुजा, कोरिया, खैरागढ़ ऐसी हैं, जिनमें जंगली जाति के लोग 'मादर' थे जिन्हें संगीत मकरन्द में नारद ने 'मर्दल' लिखा है। बंगाल के पारवतीपुर, रंगपुर में भी यही नाम प्रसिद्ध है, वह मृदंगाकर वाद्य बजाकर वृत्ताकार खड़े हो अपनी भाषा का संगीत गाते थे। गायन का नाम पूछने पर 'कर्मा' बताया था तो मुझे इसी जाति 'कार्मारवी' का स्मरण हो आया। क्या इतने पुराने काल से मार्गी संगीत का अन्शित रूप वहां अब तक चला आता है?

गान्धारी पंचमी तथा गान्धार पंचमी यह तीनों जातियां आर्षभी धैवती से वर्जित होती हैं तो एक संकर (मिश्र) जाति 'कैशिकी' को उत्पन्न करती हैं ॥५४॥

ग्रह स्वर (जिससे गायन प्रारम्भ हो) अन्श स्वर (वादी) तार तथा मन्द्र की गति षाडव (छः स्वर प्रयोग) औडुवित (पंच स्वर प्रयोग) के क्रम से अल्पत्व (किसी स्वर का कम लगना 'दुर्बल') बहुत्व (संवादी) न्यास (गीत समाप्ति स्वर) अपन्यास (न्यास के पूर्व का स्वर) यह सब ॥५५॥ यह नाट्यशास्त्र का ही छन्द है।

इस प्रकार से जाति के १० लक्षण कहे गये हैं। अब इन १० लक्षणों को संक्षेप में बताया जाता है ॥५६॥

गीत का प्रारम्भिक स्वर ग्रह कहलाता है। अन्श पहिले ही बताया जा चुका है, जो पांचवें स्वर पर होता है। अन्श से तार की उच्चता यहां बैठती है। अन्श या वादी का संवादित्व उसके पंचम (पांचवें पर्दे) से हुआ करता है, जैसे—'सपौ रिधौ गनी मसौ' ॥५७॥

नन्दयन्ती जाति में षड्ज से लेकर दूसरा (तार सं) प्रशंसित नहीं होता (अच्छा नहीं लगता ? कालिंगड़े की तरह मन्द्र मध्य में ही अधिक गाई जाती होगी ?) इसका मन्द्र प्रस्तार मृदु अन्श पर (कोमल) होता है (अथवा मधुर लगता है।) और वही न्यासान्त में तत्पर भी होता है। इसी नन्दयन्ती जाति से स्यात् 'नन्द राग' निकला है जो एक आधुनिक भैरव प्रकार है ॥५८॥

छः अथवा पांच स्वर के गीत में क्रम से षाडव औडुवित संज्ञा होती है, जिस स्वर का प्रयोग कम होता है वह 'अल्पत्व' और जो अधिक लगता है वह 'बहुत्व' कहलाता है ॥५९॥

गीत का अन्त्य प्रयुक्त स्वर न्यास कहलाता है, जो बिदारी के मध्य में जाने वाला होता है। न्यास के समान ही अपन्यास स्वर होता है (एक पर्दा पीछे जैसे आसावरी में पंचम न्यास मध्यम अपन्यास वही ग्रह स्वर—

म पसां धु प	धु म पधु मप	गु रे म म	प धु पा ऽ
का न्हाऽ मो हे	आ सा वऽ रीऽ	रा ऽ ग सु	हा ऽ वे ऽ
३	०	२	×

यह सब जाति के सम्बन्ध में ही मैं कह रहा हूँ ॥६०॥ जिस स्वर के बिना जिस जाति की हीनता कहलाती है वह उस जाति में लगाया भी जा सकता है; किन्तु 'सोऽल्पकः' कुछ थोड़ा सा वह भी वक्र करके

'परवर्त्ती' स्वर की आड़ में जैसे 'बागीश्वरी' की औडव षाडव जाति में आरोह में रे, प और पंचम अवरोह में भी दोनों ओर से विवादी किन्तु उसका अलंकारिक (आड़ में) प्रयोगः—

ग	म	ध	नि	सां	रें	सां	नि	ध	म	प	ध	म	ग	रे	सा
वा	ऽ	गी	स	री	ऽ	ज	ब	गु	नि	ज	न	गा	ऽ	वें	ऽ

अंश तथा ग्रह का दूसरा न्यास वाला स्वर जातियों में नामकारक होता है, अर्थात्–जिस स्वर पर अंश या न्यास है, उससे दूसरे स्वर पर जाति का नाम रखा जाता है ॥६१॥

वही स्वर ग्रह, वही अपन्यास और वही अंश जिस जाति में जब होता है तब मन्त्र (संवादित्व) के न्यास वाली और पूर्ण तथा शुद्ध वह जाति कहलाती है ॥६२॥

षड्जा जाति के निषाद तथा ऋषभ दो स्वर वर्जित होते हैं, शेष ५ स्वर उसके अंश (प्रयुक्त) होते हैं (औडुव वर्ग है) गान्धार पर अपन्यास होता है जिससे पंचम पर सङ्गति होती है । ग प ॥६३॥

यदि इसमें निषाद भी प्रयुक्त हो तो षाडवत्व होता है तब औडु–वित नहीं रहती और स्वर संगतियां स ग, सां ध, होती हैं ॥६४॥

आर्षभी जाति के निषाद, ऋषभ तथा धैवत अंश कहे गये हैं इसमें षड्ज पंचम वर्जित (हीन) होने पर षाडव तथा औडुव भी कही जाती है ॥६५॥

धैवत जाति में गुरु लोगों (उस्तादों) ने ऋषभ धैवत अंश बताये हैं या इसमें स से मध्यम पर (मींड द्वारा) अपन्यास होता है स ऽ ऽ म पहिले बताये हुये क्रम से वर्जित स्वर होते हैं ॥६६॥ इस छन्द के चौथे चरण में मात्रा हीनत्व है ७ ही अक्षर हैं, अतः 'प्रागुक्ता हीन तोत्क्रमात्' यह पाठ समुचित है ।

नैषादी जाति के द्विश्रुतिक षड्ज (तीव्रतर निषाद) और द्विश्रुतिक ऋषभ (कोमल) अंश कहे गये हैं । शेष स्वर धैवती के समान ही लगते हैं, इसका न्यास (अन्तिम) स्वर नामकर्त्ता होता है ॥६७॥

षड्ज कैशिकी जाति में षड्ज गान्धार, पंचम तथा निषाद अंश होते हैं, गान्धार के साथ ही वे ही सब अपन्यास माने गये हैं ।।६८।।

इसमें ऋषभ अल्प प्रयुक्त होता है और गान्धार पर न्यास अनुकूल है। यह आरोहावरोह में पूर्णस्वरा होती है। ऐसा आचार्यों ने कहा है ।।६६।।

षड्जोदीच्यवती जाति में षड्ज, मध्यम, धैवत, तथा निषाद अंश होते है और षड्ज तथा धैवत इसके अपन्यास स्वर जानने चाहिये ।।७०।।

यह (षड्जो दीच्यवती) ऋषभ, पंचम दोनों स्वरों से विहीन (औडुव जाति) की होती है। मन्द्र का गान्धार इस में अति प्रयुक्त होता है (तो मध्यम ग्राम में ही गानी चाहिये) मध्यम इसका न्यास स्वर है। मुद्रित बृहद्देशी पुस्तक पृष्ठ ६१ पर यही श्लोक है किंतु उसमें मध्यम न्यास के स्थान पर 'अपन्यास' लिखा है ।। स ग म ध नि सां कोई आज इसे 'हिन्दोली' कोई 'दिन का हिन्दोल' कोई 'भूकोश' कोई 'पंचम' कोई 'कोशी कान्हड़ा' या 'कोशिया राग' या 'भिन्न षड्ज' अथवा 'औडुव-भैरव' आदि नामों से घोषित करते हैं ।।७१।।

'षड्ज मध्यमा' जाति के सातों स्वर अंश होते हैं। षड्ज तथा मध्यम पर न्यास होता है। क्रम से निषाद, गान्धार इसमें हीनता के कारण होते हैं। अर्थात्-आरोह में निषाद तथा अवरोह में गान्धार दुर्बल स्वर हैं ।।७२।।

प्रत्येक स्थान में इसका संचार (प्रस्तार) हो सकता है। किसी भी ग्राम में गाइये कोई विरोध नहीं है। षड्ज ग्राम में यह सात मध्यम जातियां शेष हैं ।।७३।।

गान्धारी जाति के दो स्वर अंश नहीं हो सकते, ऋषभ तथा धैवत। अतः उन्हें छोड़ देना चाहिये (विवादी हैं) इसमें क्रम से आरोह में षड्ज तथा अवरोह में पंचम सदैव अपन्यास स्वर जानना चाहिये ।।७४।।

इसमें धैवत से ऋषभ पर जाना चाहिये (जैजैवंती में जैसे ध् रे की मीड़ होती है) ऐसा ही सर्वत्र करना चाहिये ! प्रायः 'रक्त गांधारी' का मध्यम स्वर अपन्यास हुआ करता है ।।७५।।

इसमें धैवत तथा निषाद का अधिक प्रयोग करना चाहिये । अथवा–

षड्ज से गान्धार पर संचार (संगमन) या स्वर संगति होती है 'स ग'। षड्ज ग्राम के गान्धार तक इसका संचार (प्रस्तार) इन जातियों के प्रयोगकर्त्ताओं के द्वारा होना चाहिये ॥७६॥

गान्धारोदीच्यवतीजाति प्रायः षड्जोदीच्यवती के समान ही होती है इसके षड्ज तथा मध्यम अंश स्वर होते हैं और यह औडुव जाति की नहीं हो सकती ॥७७॥

मध्यमा जाति के पांच स्वर अंश हैं । दो श्रुति (स्वर) वर्जित हैं। क्रम से उन दोनों का इसमें हीनत्व है । षड्ज तथा मध्यम अधिक प्रयुक्त होते हैं ॥७८॥

मध्यमो दीच्यवती जाति गान्धारो दीच्यवती के समान ही होती है । इसमें सदैव सातों स्वर लगते हैं । पंचम स्वर इसका अंश होता है ॥७९॥

पंचमी जाति के गुरु लोगों ने ऋषभ पंचम अंश स्वर बताये हैं षड्ज तथा निषाद इसके अपन्यास स्वर हैं, मध्यम से ऋषभ की इसमें

स्वर संगति होती है, म रे। मुद्रित वृहद्देशी में पृष्ठ ६२ पर पंचम की की जगह धैवत अंश लिखा है तथा निषाद की जगह मध्यम अपन्यास है ॥८०॥

षड्ज, मध्यम गान्धार इसमें अल्प प्रयुक्त कहे गये हैं। मध्यमा जाति के समान इसमें भी गान्धार निषाद से हीन बताया है अर्थात् निषाद की अपेक्षा स्वल्प प्रयुक्त है ॥८१॥

गायकों को चाहिये कि गान्धार पञ्चमी जाति में पंचम अंश स्वर समझें, षड्ज ऋषभ दोनों ही अपन्यास हैं तथा गान्धार पर न्यास समुचित है ॥८२॥

गान्धारी तथा पंचमी जाति में जो संचार (प्रस्तार) आदि कहा है वही सब इसमें जानना चाहिये, किन्तु यह आरोहावरोह में सम्पूर्ण-स्वरा होती है ॥८३॥

आन्ध्री (कर्णाण की समीपवर्तिनी) जाति में षड्ज मध्यम तथा धैवत इन तीन को छोड़ कर शेष स्वर अंश होते हैं । इसका षाडव वर्ग है, क्योंकि षड्ज हीन (विवादी) है, गान्धार पर न्यास है ॥८४॥

देखा आपने यह मार्गी सङ्गीत है ! षड्ज या स्वर 'स' तो पृथ्वी होती है, जिस पर खड़ा होकर गायक चढ़ाई उतराई प्रारम्भ करता है । जब 'स' ही नहीं है तो आधार क्या बनेगा ? इकतारे के स्वर पर गाने वाले विचारे क्या करेंगे ? वेद के गायनकाल में तो 'स' था ही नहीं, प्रायः लोग समझते हैं कि वेद के उदात्तादि ३ स्वर आज के स, म, प हैं, ऐसा नहीं । स की जगह तो उस समय छूटी हुई थी उसके स्थान पर कोई स्वर ही नहीं था । उनका प्रथम स्वर ऋषभ था जहां से 'ऋषण' करते (चलते) थे 'ऋषग तौ धातु' इसी लिये 'ऋषि' कहलाते थे । एक जगह न रह कर चलते फिरते रहते थे । उनके ३ स्वर १८ इन्च मे थे, १८ में उत्तरार्ध था अतः आज की एक सप्तक में वेद के ६ गायन स्थान थे । उदात्तानुदात्त स्वरित इन तीनों की पुनरावृत्ति की गई तो छः होगये रे, ग, म, प, ध, नि, यह नाम उसके बहुत काल पश्चात् रखे गये । जब तक प्रस्तुत मार्गी सङ्गीत की सृष्टि ही नहीं हुई थी, एक मात्र 'सामिक' गायन था, उक्त छः से नाप कर सातवें 'स' की सृष्टि हुई । 'षट्' ६ से जन्म होने के कारण ही उसे 'षड्+ज' कहा गया । चूंकि वेद गायन काल में 'स' का स्थान पहिले ही छूटा हुआ था । उसी के सन्निकट भविष्य में इस मार्गी सङ्गीत ने जन्म लिया था । अतएव उसके किसी किसी गायन प्रकार में 'स' को छोड़ देना बुरा नहीं लगता था । यदि आज के गायकों के आगे कोई इस मार्गी सङ्गीत के किसी जाति गायन प्रकार को 'स' छोड़ कर गाये तो आप यह अनुभव कदापि नहीं कर सकेंगे कि 'यह स नहीं लगा रहा है' । यदि वह तीव्र (चढ़ी) निषाद लगाता होगा तो आप उसे ही 'स' समझेंगे । वस्तुतः उस काल का तीव्र निषाद ही आज का 'स' बना हुआ है । यदि वह अपना चौथी का 'स' छोड़ दे तो वह आज भी छूटा हुआ है । आपने तो उसका प्रयोग कभी कानों से सुना नहीं और न वह आपके गले में ही है । यदि आप कोशिश करके जबर्दस्ती उस दर्जे का इस्तैमाल करें तो तुरन्त सुनने वाले चिल्ला पड़ेंगे कि 'कन्सुरा' है ! तब बताइये आप कैसे समझ सकते हैं कि 'स' छोड़ दिया गया ? जब कि 'स' छोड़ देना आपकी प्रकृति में

पहिले से ही नहीं है ! ओंकारनाथ ठाकुर से किसी ने कहा था कि आप स छोड़ कर भैरव का आलाप करें ! तो वे केवल उसके मुंह को देखते रह गये थे। मेरी समझ में आज मार्गी सङ्गीत को समझने का माद्दा किसी का भी नहीं होगा। कारण एक के बाद एक छोड़ देने की जो आदत पड़ी हुई है वही आज की थ्योरी है। १२ स्वरों में पहिले गाते थे वही अब भी गाते हैं ठीक है। अहोबल ने १० छोड़ने को कहा है–

'इत्येतान्श्च दश त्यक्त्वा रागलक्षणमीरितम्।' ४९९

मार्गी संगीत (जातियों तथा ग्राम गीतों) में जो नियम था वही उसके बाद के राग–गायन में भी रहा कि सा के और वैसे ही प के आगे एक दर्जा छोड़कर फिर इकट्ठे दो–दो प्रयोग करते थे अर्थात्— 'रे़ रे। ध़ ध' किन्तु आज यह कोई भी नहीं कर सकता। आप कहेंगे कि ऋषभ धैवत के दो दो दर्जे आज भी तो लिये जाते हैं। नहीं, आज ७ वाला शुद्ध ऋषभ तथा २० वाला शुद्ध धैवत है ही कहाँ ? यह तो दोनों तीव्र हैं। जिस संगीत में शुद्ध तीव्र का कोई अन्तर ही नहीं है वह केवल इसी पर निर्भर रहने वाले मार्गी संगीत के अस्तित्व और भेद को भला कैसे समझ सकता है ?

वे लोग गान्धार तथा निषाद के आगे वाला तीव्र दर्जा लिया करते थे किन्तु फिर इकट्ठे दो दो छोड़ देते थे जो आज सच मुच अगम्य है। तब जातियां कैसे गाई जा सकती हैं ? निःशंक जी की रत्नाकर की टीका में कल्लिनाथ जी ने जातियों के अनेकों गीतों की स्वरलिपियां (नोटेशन्स्) भी दिये हैं किन्तु प्रायः लोग यह कह देते हैं कि 'बिना थाट जाने उन्हें कोई कैसे गाये ?' अरे भाई ! थाटों की थ्यौरी ऊपर के श्लोकों में जब दी गई है तब भी आप उसे क्यों नहीं जान सकते ? यह कहिये कि उसे कार्य्यात्मक (परिणत) करने की शक्ति हमारी गल ग्रन्थि (थाईराइड् ग्लैण्ड) में नहीं है।

और थ्योरी भी सचमुच कभी नहीं समझ सकते। क्योंकि कोमल गान्धार को जब आप षड्ज कल्पित करते हैं तो तीव्र गान्धार कोमल ऋषभ बन जाता है। कोमल तथा तीव्र ऋषभों के बीच में जो एक दर्जा छूटा हुआ है जिसे अति कोमल कहते हैं वह कोमल शुद्ध गान्धारों के बीच में तो था ही नहीं क्योंकि दोनों १–१ ही श्रुति के होते हैं

तो अब यह कहां से आ टपका ? बस इसीका हल निकालना मार्गी संगीत का गुरु घण्टाल है। यह आशा न करें कि हम इसे गायेंगे। आप तो केवल इसी श्रद्धा को लेकर इसे पढ़ें कि मर्यादापुरुषोत्तम भगवान राम के साक्षात् की यह रचना है। मुनिराज भरत के पुत्र सुमति (दत्तिल) ने राम की रातभर बड़ी खातिरदारी की थी। देखो बाल्मीकि रामायण बालकाण्ड ४७ सर्ग, श्लोक १७ से २२ और सर्ग ४८ श्लोक १ से ६। आगन्तुक पंजाबी भरत ने मंचूरिया के राजा वैवस्वत मनु के पुत्र इक्ष्वाकु से अलंबुषा वेश्या द्वारा उत्पन्न पुत्र 'विशाल' जिसने वेशाली वसाई उसके वंशज सोमदत्त को भरत ने 'सुमति' पुत्र गोद दे दिया था। 'दत्तक' पुत्र होने से ही उसे 'दत्तिल' कहते थे। इसीकी थ्यौरी पर मुनिराज बाल्मीकि ने वीणाओं पर लव-कुश को रामायण का गाना सिखाया था:—

'अपूर्वां पाठ्यजातिश्च गेयेन समलंकृताम् ॥२॥
तालैश्च बहुभिर्बद्धां तन्त्रीलयसमन्विताम्।
स्वराणां लक्षणज्ञांश्च दत्तिलप्रभृतिद्विजान् ॥५॥
गान्धर्वशास्त्रकुशलान्कलामात्रासु कुशलान्।

७ सर्ग ९४ उत्तरकाण्ड।

इस श्लोक का एक भाव यह भी है कि 'अन्ध्रयामनंशा विज्ञेया: अर्थात् आंध्र देश की 'आंधी जाति' में प्राय: आर्यों का अनंश ही जानना चाहिये। क्योंकि इनका सबसे प्राचीन निवास स्थान मद्रास प्रान्त में गोदावरी तथा कृष्णा के डेल्टाओं के मध्य में स्थित था (यदुनाथ सरकार) अत: यह 'आर्यवंश के अतिरिक्त' (द्रविडादिकों से सम्भूत) 'अनंशा' ही सिद्ध होते हैं। तब आर्य महर्षियों के लिखित 'षड्दर्शनों से जनित' 'षड्ज' (छ: शास्त्रों से उत्पन्न) ज्ञान का माध्यमिक (मध्यस्थ-भाव) सदैव 'धावतीति धैवत:' धावता या भागता हुआ ही रहेगा। अत: इनका विशेषण 'षड्जमध्यमधैवता' लिखा गया है। दूसरे शब्द 'षड्जहीनं' का भी यही 'व्युत्पादन' है तथा उसी के भाववाचक में 'षाडवं' कहा गया है। इस आन्ध्री जाति के लोगों की एक महत्वपूर्ण बात यह है कि 'न्यासो गान्धार इष्यते, गान्धार देश पर जो इन्होंने 'न्यास' विराम या स्थिति स्थापित की वह इनकी 'इष्यते' मनोऽनुकूलं सिद्ध हुई। क्योंकि 'धरणी' कोशकार ने लिखा है—

'ग्रामे स्वरे च रागे च गान्धारः देशभेदके।' अर्थात्–गान्धार एक स्वर भी है एक राग भी है, एक ग्राम भी है तथा एक देश भी है। उस समय आंध्र जाति के परम पराक्रमी 'शातकर्णी' तथा 'यज्ञ श्री' नरेशों के समान ही 'विलवायकुर' ने १२६ में शकों को परास्त किया, जो पश्चिम गान्धार आदि से आकर अपने आक्रमणों द्वारा आन्ध्रसाम्राज्य को बराबर क्षति पहुँचा रहे थे उन्हें विजयकर 'गान्धार' में आन्ध्रजाति का न्यास जमाया। अतः 'न्यासो गान्धार इष्यते' कहा गया। उसी विजय के उपलक्ष में आन्ध्रजाति का यह आन्ध्रजातीय–गायन भी बना। भागवतकार ने भी इस तथ्य को स्वीकार किया है किन्तु 'मश्रुमन' का शुद्ध शब्द 'सुशर्मा' और 'कुशन साम्राज्य' का कृष्ण तथा पहिली शताब्दी के 'हाल' को 'हालेय' 'विलवायकुर' को 'वृषलोबली' लिखा है–

'गांभोच्यत्यन्ध्रजातीयः कश्चित्कालमसत्तमः' ।२२।१।१२
स्कन्ध।

नन्दयन्ती जाति में मध्यम पंचम अपन्यास स्वर होते हैं। गान्धार इसका ग्रह है और उसी पर न्यास भी होता है। पंचम अंश (वादी) कहा है ॥८५॥

अन्ध्री के समान इसे भी षाडव जानना चाहिये ('षाडवा ज्ञेया' लिखना चाहिये था! क्योंकि स्त्रीलिङ्ग विशेष्य है) यह औडुव नहीं होती मन्द्र के ऋषभ तक प्रस्तार होता है कभी–कभी षड्ज लंघनीय होता है। जैसे 'नि़ रे ग म ॥८६॥

कर्मारवी जाति में षड्ज, गान्धार, पंचम ये तीन स्वर छोड़कर शेष अन्श होते हैं, सम्पूर्ण जाति है, समस्त ही स्वर लगते हैं पंचम पर न्यास है, गांधार पर बहुत जाया करते हैं। (बहु प्रयुक्त है) ॥८७॥
कैशिकी जाति में ऋषभ को छोड़ शेष स्वर अंश हैं। गांधार निषाद पर न्यास होता है। इसके आरोह में ऋषभ तथा अवरोह में धैवत वर्जित है अतः 'षाडव–षाडव जाति होती है' (निःशंक जी ने 'रत्नाकर' में इसी कैशिकी जाति जनित 'मालव कैशिक राग' (मालकोश) बताया है) ॥८८॥

किसी किसी आचार्य ने इसमें पंचम न्यास स्वर वैसे ही निषाद अंश (धैवत का पाठ भेद है) और ऋषभ का अपन्यास अंश के समान ही बताया है ॥८९॥

इसमें पंचम स्वर बलवान् होता है वैसे ही निषाद को भी जानना चाहिये। यह जो ६३ अंश होते हैं उन सब की एक एक अंशता को अंश धारण करता है ॥६०॥

कहीं कहीं षाडव औडुवित जाति की कल्पना करके प्राप्त को प्रयुक्त किया जाता है। षड्ज मध्यमा जाति षाडव न होती हुई निषाद के अंश में प्रयुक्त होती है ॥६१॥

गान्धार स्वर के लोप (विवादित्व) में जिससे कि अंश तथा संवादी दोनों स्वरों का नहीं माना गया है। (गान्धार यदि अन्श या सम्वादी है तो उसका लोप नहीं होगा) पंचम स्वर में कैशिका, रक्त गान्धारी (गान्धारी) ॥६२॥

तथा गान्धार स्वर में षाड्जी और धैवत में उदीच्यवती (उत्तरी-जाति) गान्धारी और रक्त गान्धारी दोनों जातियों के षड्ज, मध्यम तथा पंचम ॥६३॥ निषाद के साथ अंश कहे गये हैं अतः ये औडुव भागी नहीं होते (दो वर्जित विवादी नहीं होंगे) षड्ज मध्यमा जाति में गान्धार निषाद ॥६४॥ कैशिकी जाति में धैवत तथा पंचमी में ऋषभ ४७ षाडव प्रकारों में प्रयुक्त करना चाहिये ॥६५॥

अपवादों से विनिर्मुक्त (छूटे हुये) ३० औडुवित (पंचस्वर प्रयोग) होते हैं किन्तु संकर (मिश्र) कर देने पर उनके बहुत रूप हो जाते हैं, ऐसा जाति का निर्देश (नियम) होता है ॥६६॥

इसलिये जो कुछ भी गाया जाये वह सब जातियों में स्थित (बताया हुआ) हो। अब ४ वर्ण कहे जाते हैं उनके नामों में ही उनका अर्थ भी होता है ॥६७॥

१ स्थायी २ संचारी ३ आरोही ४ अवरोही, पद में जब एक स्वर वाली गीति (गायन शैली) होती है उसे स्थायी वर्ण कहते हैं। 'स्थित्वा स्थित्वा प्रयोगःस्यादेकैकस्मिन्स्व यदा।' (रत्नाकरे) रुक रुक कर जब एक एक स्वर का प्रयोग हो—सऽऽ, रेऽऽ, गाऽऽ, इत्यादि ॥६८॥ स्वरों के संचार (आगे बढ़ने) से ही संचारी वर्ण कहलाता है ! यथार्थ में वे दोनों (आरोहावरोह) इसमें उत्तर (पीछे) से मिलते हैं अतः यह मिश्रित वर्ण है । आरोही वर्ण को अन्तरा कहते हैं जिसमें कि स्थायी से अन्तर पड़ जाता है। अवरोही को 'आभोग' भी कहा करते हैं।

कुम्भकर्ण ने 'गीत गोविन्द' की टीका में पार्श्व देव (जैन) के 'संगीतराज' ग्रन्थ का उद्धरण दिया है—'आभोगस्त्वन्तिम इति ध्रुवस्त्वाच ध्रुवः स्मृतः ।' आभोग अन्तिम (चौथा) वर्ण होता है और जिसमें ध्रुव (धुरे के) समान घुमाव आवृत्ति हो वह स्थायी अन्तरे के पीछे फिर गायी जाती है जिससे गीत की आवृत्ति मानी जाती है अतएव इसे कोई 'ध्रुव' कोई 'टेक' लिखते हैं—भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र के ३८ वें अध्याय श्लोक ३४।३५ में बताया है कि—

'अन्तरस्वरसंयोगो नित्यमारोहिसंश्रयः ।
कार्य्यः स्वल्पो विशेषेण नाऽवरोही कदाचन ॥
क्रियमाणाऽवरोही स्यात्स्वल्पो वा यदि वा बहुः ।
जातिरागं श्रुतिश्चैव नयन्ते त्वन्तरे स्वराः ॥'

अर्थात्—अन्तरे के स्वरों का संयोग सदैव आरोही में ही होना चाहिये बहुत या थोड़ी भी अवरोही कभी न करनी चाहिये । यदि थोड़ी या बहुत अवरोही करदी जाती है तो जाति राग को तथा उनकी श्रुतियों को वे स्वर अन्तरे में ले जाते हैं (नियम च्युत करते हैं ।) आधुनिक अन्तरों में संचारी तथा आभोग (अवरोही) और आरोही तीनों ही मिश्रित रहते हैं जो नियम के प्रतिकूल है ।

वर्णों के आश्रयी भून ही १३ प्रकार के अलंकार जानिये । अर्थात्—स्थायी, आरोही, अवरोही, संचारी के पृथक् पृथक् अलंकार होते हैं ॥९९॥

मैं उन अलंकारों के नाम तथा रूपों को संक्षेप में कहता हूँ । पहिले 'प्रसन्न' अलंकार को उच्चारण करके धीरे धीरे स्वर को बढ़ाये ॥१००॥

इसी प्रकार प्रसन्नादि अलंकार भी होता है उसके उल्टा (अवरोही में) प्रसन्नान्त तथा वैसे ही प्रसन्न मध्य और प्रसन्नाद्यन्त भी जानना चाहिये । ॥१०१॥

यह ४ अलंकार स्थायी वर्ण के कहे हैं कहीं स्वर 'स' पर देर तक ठहर कर फिर तार के 'सं' को छूकर अग्नि की तरह (बिजली के करैण्ट के समान) ॥१०२॥

वहीं मध्य के स पर लौट आते हैं तब उसे 'विन्दु' अलंकार कहते हैं स सं स, रे सं रे, ग सं ग, म सं म, प सं प, ध सं ध, नि सं नि, सं मं सं। इत्यादि अहोबल ने 'विन्दु' का स्वरूप इससे भिन्न लिखा है–स स स रे, रे रे रे ग, ग ग ग म, इत्यादि देखो पारिजात श्लोक २३७ यदि तार के सं से उसी प्रकार मन्द्र के स पर स्पर्श किया जाय तो उसे 'निवृत्त प्रवृत्त' कहते हैं ॥१०३॥

दोनों ही स पर समान काल (एक लय में) जाने–आने से 'प्रेङ्खोल्लित' (अलंकार) समझा जाता है। क्रमानुसार तार के सं पर जाकर फिर मन्द्र पर गिरा जाता है तब ॥१०४॥ 'तार मन्द्र प्रसन्न' ऐसा नाम रखा करते हैं। मन्द्र से ऊपर को उठ तार पर क्रम से आरोहण किया जाता है, तो ॥१०५॥ 'मन्द्रतार प्रसन्न' नामक अलंकार होता है जिसे सर्वस्वरों की समानता से समान ही कहते हैं। उर (हृदय) कण्ठ तथा शिरस्थ तीनों स्थान (मन्द्र, मध्य, तार) पर त्रिश्रुति (ऋषभ) के कम्पन से जो होते हैं वे ॥१०६॥

कम्पित, हरित तथा रेचित क्रमानुसार ३ भेद समझना चाहिये (गमकें हैं) इनके संचारी (आरोहावरोह) में होने वाले ५ उपभेद और भी होते हैं ॥१०७॥

रत्नाकर में २५ के आसन्न गमकों के प्रकार बताये हैं। प्रसन्नादि, प्रसन्नान्त, तथा और भी आरोहावरोह के शेष सारे ही अलंकार सब (चारों) वर्णों के आश्रयी भूत कहे हैं ॥१०८॥ समस्त आचार्यों ने बराबर (समान) अलंकार नहीं बताये:—

१–'अहोबलेन विदुषा चाष्टषष्टिः प्रकीर्त्तिताः।'
२–'नाट्यशास्त्रे च मुनिना त्रयस्त्रिंशदुदाहृताः।'
३–'रत्नाकरे त्रिषष्टिश्च निःशंकेनाप्युदीरिताः।'
४–'विबोधे वै चतुस्त्रिंशदुक्ताः सोमेश्वरेण च।'
५–'सूक्ष्मात्सूक्ष्मतराण्ययुक्ताः दत्तिलेन त्रयोदश।'
६–'भातखण्डेन विशोक्ता पूर्वक्रमिक पुस्तके।'
७–'एकेडेमी प्रयागस्था द्वाविंशद्रागदर्शने।'

८–'चत्वारिंशत्प्रभुलालेन चोक्ताः संगीत सागरे ।'
६–'एकीकृताः कलिन्देन पारिजाताऽनुवादके ।'

यह १०० श्लोकों में स्वरों के सम्बन्ध में मैंने कहा। अब ताल को कहता हूँ जो काल (समय-माप) कला (मात्रा के अन्तर्गत होती है ।।१०६।।

ताल से साम्य होता है क्योंकि 'लय' ताल का ही मुख्य अङ्ग है। अमरकोष में 'लयः साम्याम्' कहा है। समानता की चाल साम्य मुक्ति को भी कहते हैं जिसमें ईश्वर जीव का साम्य है। साम्य भाव होजाने से वह 'सिद्ध' समझा जाता है। योगेश्वर कृष्ण ने गीता में–'विद्याविनय-सम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनिश्वनिचैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः ।।' काल पर साम्यभाव हो जाने से वह यहाँ वहाँ (परलोक) पर भी सिद्धि प्राप्त करता है। महर्षि याज्ञवाल्क्य ने 'तालज्ञश्चाप्रयासेन मोक्षमार्गं स गच्छति ।' ताल में-कला, पात, तथा पाद-भाग जानना आवश्यक है।११०।

मात्रा और परिवर्त (आवृत्ति) वस्तु, विशष से विदारी (मुड़ी) अंगुली द्वारा हाथ यति (विराम) प्रकट करना है ।। १११ ।। ······ और वक्रा गीति, शास्त्र से (कथित) मार्ग, पदार्थों का यह उद्देश विद्वानों द्वारा जानना चाहिये ।।११२।।

इन सबका निर्णय थोड़ा सा मैं संक्षेप में कहता हूँ। इसमें 'आवाप' और निष्क्राम, विक्षेप तथा प्रवेशन ।।११३।।

शम्या और ताल तथा सातवाँ सन्निपात जानना चाहिये। कुछ लोगों ने निमेष काल (पलक भांजने) में सात प्रकार की कला बताई है ।।११४।।

उन्होंने लय की स्थिति (चाल) द्वारा मार्गों (वाद्य आवृत्तियों) में कला के अन्तर (भेद) की कल्पना की है। यह सब कलायें ही होती हैं जिनकी घण्टा के नाद जैसी गति है ।।११५।।

उन सबका मध्यम मार्गों (बीच की लयों) में यह कला का विशेष आश्रय होता है। चित्र (नर्त्तन मुद्रा) में कला दो मात्रा की होती है और वार्त्तिक (गायन प्रकार) में ४ मात्रा की बताई है ।।११६।।

जानकारों ने कला की ८ मात्रा दक्षिण में (दाहिने) बताई हैं, किन्तु यह मात्रा लौकिकी (प्रचलित) नहीं है, अपितु उससे पचगुनी होती है ।।११७।।

उसीसे कला का मान (नाप) करना चाहिये। अब मै उसके प्रयोग का नियम बताता हूँ। जिसकी 'आवाप' संज्ञा कही है उसे उठी हुई अंगुलियो का कुञ्चन (सिकोड़ना) जानना चाहिये ॥ ११८ ॥

हाथ के अधस्तल (नीचे भाग-हथेली) के द्वारा प्रसारण (पसारना-फैलाना) 'निष्क्राम' नाम से कहा जाता है। और उस हाथ के दाहिनी ओर से 'क्षेप' (बढ़ाने) को विक्षेप कहा गया है ॥११६॥

अब उस हाथ का नीचे को न मोड़ना 'अकुञ्चन' करना 'प्रवेश' नाम से जानना चाहिये। दाहिनी ओर का पात (गिराव) 'शम्या' कहलाता है तथा बांई ओर को 'ताल' कहा गया है ॥१२०॥

दोनों ही हाथों का एक साथ पात (गिराव) 'सन्निपात' नाम से कहा गया है। यह तीन प्रकार के पात होते है उनमे· · (कला १६ कही है) ॥ १२१ ॥····· समान प्रकार मे भी तीन कला मे प्रयोग करना चाहिये, अथवा कलाओं का समुदाय (समूह) दो–दो करके लिया गया हो तो ॥१२२॥

वह युग्म (जोड़ा) चञ्चपुट (ताल) मे होता है और अयुक्त (दो न हों तो) 'पुट' (ताल) आश्रित कहा है। इन ताल के अक्षरों का गुरु–लाघवत्व स्थापित करके ॥१२३॥

जोड़ के अन्त के अक्षर को प्लुत जैसा (गुरु से बड़ा त्रिमात्रिक) करके कला के योग की कल्पना करनी चाहिये। कला को गुरु अक्षरों द्वारा ही नियुक्त करना ठीक है तथा लघु अक्षरो द्वारा 'अर्धकला' को नियुक्त करे ॥१२४॥

प्लुत अक्षरो से १॥ कला का योग होना है। यह एक कला वाली विधि है। जैसे कि अक्षर बताये हैं उन्हीं मे इन सारे पातों को क्रमानुसार प्रयुक्त करना चाहिये ॥१२५॥

सन्निपात (दोनो हाथों का प्रयोग) और शम्या, ताल तथा उसकी शम्या पात की विधि में यही सब जाननी चाहिये चाहे वह युग्मक जोड़ में हो अथवा अयुग्मक (इकहरा) हो ॥१२६॥

इकहरे प्रयोग में वह 'शम्या ताल' तथा दोहरे द्विताल प्रयोग में 'शम्य' भी कहा जाता है। उसके उत्तर (पीछे) का प्लुत प्रयोग

'पंच पाणि' नामक होता है जिसके ६ अक्षर 'पिता पुत्रक' माने गये हैं। पूर्व के ३ जनक तथा उत्तर के ३ जन्य होते हैं ॥१२७॥

इकहरे प्रयोग से उत्पन्न तथा जिसके आदि अन्त में प्लुत (त्रिमात्रिक) हो उसके सम्बन्ध में कोहलाचार्य ने ऐसा कहा है कि दो-दो अक्षरों को 'चाचपुट' ताल में करके दूसरे के उपान्त्य (अन्त के पूर्व) क्रम से ॥१२८॥

इसको आदि तथा अन्त दोनों में रखने से यह छः पिता पुत्रक जाने जाते हैं। सन्निपात और ताल तथा उसके आदि अन्त के यथा क्रम से—॥१२९॥

विमध्य में तथा ताल शम्य में उन प्रथम के अक्षरों द्वारा यह कला की विधि समझी जाती है। अब प्लुत (त्रिमात्रिक) गुरु अक्षरों को छोड़कर केवल द्विमात्रिकों को ही रखा जाये तो—॥१३०॥

उन चार से पाद भागों को मात्रा के नाम से बोला जाता है। पहिले 'निष्क्राम' को स्थापित करके फिर दूसरे 'प्रवेश' की स्थापना करे ॥१३१॥

फिर सारे ही पाद भागों और पादों की कल्पना करनी चाहिये, फिर मध्यम ताल शम्य में दूसरी शम्या करनी चाहिये ॥१३२॥

सन्निपात के अन्त में यह दो कला की विधि कही गई है 'पंचपाणि' प्रयोग में चौथी शम्या करनी चाहिये और आठवीं ॥१३३॥

तीसरी छठी, तथा नवमी तालें 'क्षेप' को यथोचित हैं। (मध्य में विक्षेप को रखकर आदि में 'आवाप' को रखे ॥१३४॥

और सारे ही पाद + भागों का चतुष्कलात्मक प्रयोग करे तो प्रारम्भ तथा अन्त के पाद भाग से क्रमानुसार पहिले तथा दूसरे को जानते हैं॥१३५॥

'मार्ग' में अनामिका (मध्यमा और कनिष्ठिका के बीच की अंगुली) उचित है और मध्यमा से देशी विषयक प्रयोगों का अंगूठे के बिना आदि अन्त में एक उत्तर होता है ॥१३६॥

निष्क्राम तथा प्रवेश दोनों द्विकलात्मक कहे गये हैं इसी प्रकार काल आदि का भी प्रयोग करना चाहिये जिसके सम्बन्ध में विशेष नहीं भी कहा गया हो तो ॥१३७॥

पाद भाग और मात्रा तथा समस्त ताल परिवर्त के द्वारा जाने जाते हैं। इस लिये उसे···पत्त कहते है ॥१३८॥

जैसे कि···६ मात्रा अथवा ३ आधे के आधे रूप मे हो सकती है। कोई कोई प्रधानता मात्र से 'वस्तु' संज्ञा बताते है ॥१३६॥

वस्तु के अन्त में अपन्यास अथवा अंश या न्यास हो अथवा सन्यास हो तो उसका धारक रूप विन्यास कहलाता है ॥१४०॥

विदारी का पहला चारण (पाद) मध्य न्यासत्व वाला स्वर होता है। वह अंश विवादी नहीं होता, उसे सन्यास ही कहा जाता है ॥१४१॥

जो पद की गीति की समाप्ति में पृथक् से गीति के समान स्थित हो उस विदारी गीति पेशी को गीति विदारणा कहते है ॥१४२॥

जो प्रमाण से वर्जित है अर्थात अप्रमाणित उसका रूप वस्तु के समान होता है कहा हुआ मुखादिक (मुखड़ा) अंग चार प्रकार का जानना चाहिये ॥१४३॥

इकहरे अथवा घने (बहु प्रयुक्त) किंवा नाना प्रकार का प्रवर्तित प्रयोग न्यास के अन्त को अथवा अंश के अन्त को विदारी का एकीकरण कहा गया है ॥१४४॥

जिस प्रयोग में अवरोही की ही प्रगाढ़ता हो (अवरोह अधिक किया गया हो) वह प्राय: अंश के अन्त को व्यक्त करता है क्योंकि विदारी के उपान्त्य (अपन्यास वाला स्वर) शेष स्वरों मे एक के अन्तरों में हुआ करता है ॥१४५॥

इसी प्रकार न्यास के अन्त को 'आरोही प्रवृत्त' कहा करते हैं आरोहण तथा अवरोहण भी विविध-भांति का होता है ॥१४६॥

शुद्ध जातियों मे अंश (वादी) के वश से तथा न्यास-अपन्यास योग द्वारा अन्तर मार्ग से आरोहावरोह होता है। वहां उसका प्रयोग भी अन्तरमार्ग से जानना चाहिये ॥१४७॥

विकृत जातियों में न्यास तथा अपन्यास के योग द्वारा 'सामुद्ग' 'अर्ध सामुद्ग' तथा 'विवृद्ध' ३ अभिधायें (संज्ञायें) होती हैं ॥१४८॥

सम, मध्य और विषम यह तीनों बहुभांति के होते हैं। जो महागीति (बड़ी गीति) है वह 'वाङ्मात्रा' वाणी की अथवा बोली हुई मात्रा

वाली होती है (महागीति का पर्याय वाङ्मात्रा है जैसे आज बड़े ख्याल का इकताला) 'समुद्ग' भी कितने ही प्रकार का होना है ॥१४६॥

असंपूर्ण (अधूरी) विदारी की आदि साम्य (पूर्व की समानता) की कल्पना कर लेनी चाहिये । न्यासान्त भी विविध भांति का होता है वह सब छोड़ने से निश्चय 'गेय' (गायन योग्य) बनता है ॥१५०॥

सदैव से दो प्रकार की विदारियां पहिले जानी हुई हैं, वे दूसरे मत में छः होती हैं। अब लयें भी ३ प्रसिद्ध हैं–१ द्रुत, २ मध्य, ३ विलम्बित ॥१५१॥

······आदिक इनका प्रयोग दक्षिणादि प्रदेशों में है, सम, उपर्यव, पूर्व तीन प्रकार का 'पाणि' कहाता है ॥१५२॥

कोई–कोई बुद्धिमान गुनिजन ताल और पाणि को एक ही मानते हैं, जो कि नीचे स्थित होता है उस पर ऊपर से पात (गिराव) को सम कहते हैं ॥१५३॥

अतीत, अनागत, सम, विषम इन चार ग्रहों की दामोदर मिश्रा के 'संगीत दर्पण' (१० वीं शताब्दी) से यह थ्योरी प्रभूतपूर्व कालीन है । (१७०० का अन्तर है)

पहिले वाली (द्रुतलय) में पद तथा वर्ण उसी प्रकार से बोले जाते हैं। चित्रादि (बन्धों) में क्रमानुसार लय में आई हुई यति कही गई है ॥१५४॥

समा, स्रोतोगता, तथा गोपुच्छा यह सब क्रमानुसार होते हैं । अब "[1]मद्रकादि' नामक प्रकरण (वर्णन–भाग) कहा जा रहा है ॥१५५॥

कुलक, छेद्यक यह दोनों दो प्रकार के होते हैं। एक वाक्य वाला कुलक कहाता है उसका दूसरा प्रकार 'द्वयर्थक' दो अर्थ वाला भी होता है तथा—॥१५६॥

छेद्यक नानार्थ वाचक जानना चाहिये । फिर एक–एक के तीन–तीन प्रकार होते हैं १ नियुक्त, २ पद नियुक्त, ३ अतियुक्त ॥१५७॥

१-मद्र देश विषयक

उनमें सारे नियमों से युक्त 'नियुक्त' माना गया है जो कि छन्द (पद्य) के पाद (चरण) आदि के नियोग से उस पद की 'नियुक्त' संज्ञा होती है ॥१५८॥

वस्तु (गेय प्रकार) मात्र से 'अनियुक्त' कहा गया है। अब इसकी विधि कही जाती है वह बिना आदेश के (शास्त्रोल्लेख बिना) भी सब जगह चतुष्कलात्मक कर लेना चाहिये ॥१५९॥

वस्तु के अन्त में सन्निपात सात रूपों की विधि में सदा होता है। कोई कोई (आचार्य) मद्रकादिकों को एक कला आदि की विधिओं में॥१६०॥

कहते हैं। वे इसकी ताल के अक्षरों की दूसरी ही कल्पना कर लेते हैं (दूसरे बोल में बैठालते हैं) मद्रक के प्रयोग–ज्ञाता तीन मात्रा में वस्तु को स्थापित (बन्दिश) करके ॥१६१॥

निम्न पाद भागों में इन पातों को कल्पित करें (रखें)। चौथे, आठवें, पांचवें, तथा दशवें ॥१६२॥

ग्यारहवें में शम्या के अन्त वाली दूसरी (कला) नवमे में कही गई है। छठे तथा सातवें में नवमे का काल होता है ॥१६३॥

वह 'वस्तु' बारहवें की होती है। जो दूसरा पड़ता है उसी प्रकार पूर्व के दोनों के तीसरे और चौथे होते हैं। वस्तुओं के अन्त में अब 'शीर्षक' कहा जाता है ॥१६४॥

'पंच पाणि' में होने वाली वस्तु की कला संख्या होती है। प्रथम अष्ट कलात्मक करनी चाहिये। अब 'अमार्गमुपोहन' कहते हैं ॥१६५॥

'मद्रक' में सदैव २ कलाओं में ३ कला का प्रयोग करे। उसके प्रति 'उपोहन' भी हो जिसमें दूसरा चौथा पड़ता है ॥१६६॥

चतुष्कलात्मक (चार कला वाले) मद्रक में द्वितीयादि (दूसरी आदिक संख्या वाली) वस्तु के प्रारम्भ में उसी जगह अन्श का आदि तथा अन्त भी होता है। इस प्रकार 'सामुद्ग' विविध भांति का माना गया है ॥१६७॥

······अन्त में अथवा तीसरे में वह 'द्वैगेयक' संज्ञा वाला (दो आदमी गा सकें अथवा दो प्रकार से गाया जाये) वस्तु का मन्द्र (सप्तक)

का अंश पहिला तथा दूसरा जैसा उसका ग्रह (प्रारम्भ-स्वर) हो और ॥१६८॥

समाप्ति करने वाला 'परिवर्त्त' आचार्यों ने तीसरा बताया है। इसका ही (चौथा) 'निष्क्राम' होता है ॥१६९॥

शेष दो कला वाले 'मन्द्रक' में प्रति वस्तु का 'विहाय' (छोड़कर या त्याग) होता है और उसका एक कला के प्रयोग में 'पञ्च पाणि' में 'शीर्षक' होता है ॥१७०॥

विविध भांति के 'ऐकक' (एकीकरण या संकलनों से संयुक्त दोनों ओर से अंगों की कल्पना की जाती है।

इति मन्द्रके समाप्तम्।

अब वस्तुएँ छः, सात, पांच आदि इस 'अपरान्तक' (प्रकरण) में कही जाती हैं ॥१७१॥

अर्ध मात्रा वाली 'शाखादि' होती हैं। उनमें पात की कल्पना इस प्रकार है कि आठवीं तथा बीसवीं दो शम्या कही जाती हैं ॥१७२॥

बारह तथा अठारह दो तालें हैं और २१ वाँ 'उपोहन' यथा मार्ग (मार्गानुसार) पहिले वाली वस्तु के आरम्भ में बारह कला करनी चाहिये और इतरादि (इसके अतिरिक्तों) में ४ कला करे और 'वृत्तिमार्ग' में प्रयोग करे तथा 'दक्षिण मार्ग' में २ का प्रयोग करे ॥१७४॥

'स्रोतोगता' के मध्य में ६ 'उपोहन' होते हैं। उनमें जब चार वस्तुएँ विगत (समाप्त) हो चुकें तो वहां 'उपवर्त्तन' करना चाहिये ॥१७५॥

पूर्व में 'अतीत निवृत्त' पदों के द्वारा उसका उप पादन (सम्पादन) करे। गीति के पूर्वतुल्य (पहिले जैसा) उत्तर (पश्चाद्भाग) में भी उसकी यथा स्थिति में प्रयोग होता है ॥१७६॥

उसके अन्त में 'अर्थ समाप्ति' (श्लो० १५६) और न्यास (विराम) होता है, ऐसा 'विशाखिल' ने कहा है। इसी प्रकार 'शिरोन्त' ('शीर्षक' के अन्त) में होता है इसके पश्चात् 'प्रतिशाखा' भी होती है। (वर्त्तमान काल में देशी गीतों में जैसे स्थायी (ध्रुव या 'टेक') के पश्चात् पहिला अन्तरा होता है। फिर उसी समान दूसरे आगे के कितने

ही अन्तरे होते हैं। मार्गी (पूर्व) काल में भी गीतियों के प्रथम अन्तरे को शाखा तथा दूसरों को 'प्रति शाखा' कहते थे ॥१७७॥

शाखा के ही समान प्रतिशाखा भी होती है जिसमें अन्य (दूसरे) पद (शब्द) प्रयुक्त होते हैं। उन दोनों शाखा प्रतिशाखाओं का 'तालिका' नामक अन्त होता है (जिसे अन्त्य या समाप्ति की ताली कहते हैं) उसकी निवृत्ति (पूर्णता) में ६ कला कही गई हैं ॥१७८॥

इसके अंगों में 'यथा योग' जैसा जोड़ना चाहें विविध 'ऐकक' (नाना भांति का पद एकीकरण) योक्तव्य होता है। (जोड़ा जा सकता है)।

(प्रायः आज तिताले दीपचन्दी, झप आदि के छोटे ख्यालों में गायक का साथ करने वाला तबलावादक अन्तरे के बाद कोई सा मुखड़ा लगाकर कहरवे की दून शुरू कर देता है तब गायक भी लय के प्रवाह में बहने लगता है और प्रस्तुत गीत को छोड़ इधर उधर के कवित्व, सवैये (मत्त गयन्द गायक भी 'मत्त गयन्द' (झूमता या मस्त हाथी) बन जाता है) दोहे उर्दू की शैरें भी कहने लगता है। पीछे जब कोई सी तिहाई लगाकर सम पर आकर तबलची पूर्व की ताल पकड़ता है तब गायक भी अपनी पूर्व की स्थायी को दुहराने लगता है। इसी को श्लोक १७८ में 'निवृत्तिमान' लिखा है अर्थात् 'विविधैकक' (तरह तरह के 'मसाले') से निवृत्ति। लौटना। कला की उच्चकोटि (ध्रुवपद तथा बड़े (विलम्बित) ख्यालों की गायकी) में इस 'वस्तु' को 'हेय' माना है। क्या भरत के मार्गी नाट्यशास्त्र के ज़माने में ३।४ स्वरों में होने वाला आज का ढोलक वाला ढोला, आल्हा, फाग, कजली गोपीचन्द्र, नरसी धोबियाई आदि ग्राम्य संगीत नहीं था ?

षट् स्वरस्य प्रयोगोऽयं तथा पञ्च स्वरस्य च।
चतुःस्वर प्रयोगोऽपि देशापेक्षः प्रयुज्यते ॥'

९५ अध्याये २८

इसी प्रकार प्रत्येक प्रयोगों में उद्धरण देकर लिखता ! किन्तु ऐसा करने पर यह 'दत्तिल' 'निशंक' बन जाता ? अतोऽलम्।

इति अपरान्तकं समाप्तम् ॥

अब 'उल्लोप्यक' कहते हैं—प्रारम्भ में 'उल्लोप्यक' की सब ओर से (चारों वर्णों में) मात्राओं के साथ ॥१७६॥

चौथे, दशमे में 'शम्य' में १२ वीं तथा आठवीं दो तालों में प्रयोग होना चाहिये। अन्त में 'सन्निपात' होता है जिसका प्रस्तार चार कलाओं में होता है ॥१८०॥

इसकी मात्रा दो कला में भी होती है जो कि यथा स्थित (जैसे हों) उन पातों के साथ कही गई है और इसमें १२ कला वाला 'वैहायसिक' संज्ञा का (विहाय-त्यक्त) प्रसंग भी होता है ॥१८१॥

दो कला तथा एक कला दोनों से मिश्र (मिले हुये) दोनों के सात पातों के समेत 'प्रवेश' और 'निष्काम' दोनों करके शम्या की तीसरी ताल का प्रयोग होता है ॥१८२॥

'उत्तम' ढङ्ग से 'निष्काम' तथा 'सन्निपात' पहिले जैसा करना चाहिये। फिर सन्निपात के अन्त में 'शम्या' आदि का प्रयोग हो जो 'एक कला सम्बन्धी' प्रकरण में पहिले कहा है ॥१८३॥

यह 'शाखा' 'प्रति शाखा' दूसरे पदों की अनुगन्त्री होनी चाहिये मतलब ? जो पद (शब्द) एक प्रतिशाखा (अन्तरे) में आ चुके हैं दूसरे में उसके अतिरिक्त हों। इसका संग्रहण उत्तर भाग अथवा पश्चाद्भाग (आभोग) में परिस्थिति के अनुकूल किया जाता है ॥१८४॥

'अन्ताहरण' नामक तीन अङ्ग होते हैं। उनका अन्त (समाप्ति) भी ३ प्रकार का कहा गया है। वे तीन प्रकार के योगों से मिश्रित होते हैं और उनमें तीन अंशों के अंग भी बर्त्ते जाते हैं। 'अन्ताहरण' अन्त में आहरण 'उठा के लाना' तीन बार प्रयोग कर 'अन्त में' अथवा 'सम पर' आना। क्या अभिप्राय ? जिन्हें आज 'तिहाइयाँ' कहते हैं—

ग॒ म ध॒ नि॒	सां ऽ नि॒ ध॒	सां नि॒ ध॒ म	ग॒ म ग॒ स
१	×	३	० (४)

तिहाई नं० १ अतीत (३) से सम(×) तक—(दून में)

ग॒ म ध॒ नि॒	सां ऽ नि॒ ध॒	सांनि ध॒म ग॒म ग॒सा	ग॒म ध॒नि॒ सां,ग॒म
			(१) (२)

धुनि सां, गुम धुनि (३)	सां, ऽ नि धु	– – – –

तिहाई नं० २ खाली से मम तक

गु म धु नि	सां ऽ नि धु	सां नि धु म	गुम गुसा गुम धुनि (१)
सां, धुनि, सां, धुनि (२) (३)	सां, ऽ नि धु		

तिहाई नं० ३ सम से सम तक

गु म ध नि	सां निधु सांनि धुम	गुम गुसा गुम धुनि (१)
गुम गुसा गुम धुनि (२)	गुम गुसा गुम धुनि (३)	सां ऽ नि धु

यही ३ अङ्ग लिखे हैं किन्तु ४ प्रहों के ४ ही अङ्ग होने चाहिये। सम्भव है 'अनागत' वाला चौथा जब तक प्रचार में नहीं आया हो?

तिहाई नं० ४ विषम को सम पर लाकर

गु म धु नि	सां ऽ नि धु गु म धु नि	सां ऽ नि धु
सां नि धु म	गुम गुसा गुम धनि	सां ऽ, गुम गुसा	गुम धुनि सां ऽ,
गुम गुसा गुम धनि	सां, ऽ नि धु		

यही 'अंग त्रयी' की चारों तिहाइयां 'स्था' (ठांय) या प्रवर्चित लय में तथा दुगुन और चौगुन में भी गाई जाती हैं, चौगुन के लिये लय को विलम्बित करना चाहिये।

उदाहरण में मार्गी 'कैशिकी' जाति का 'जन्यराग' 'मालव कैशिक' (मालकोश) दिया है। निःशंक ने रागाध्याय में—

'कैशिकीजातिजः सांशो ह्यथमालवकैशिकः ।' (रत्नाकरे)

उनकी १२ वीं शताब्दी में तार 'सां' अंश (वादी) था किन्तु आज वह सम्वादी है ॥१८५॥

उन तीन अंगों को 'स्थित' (स्था) 'प्रवृत्त' (दुगुन) तथा 'महाजनिक' (चौगुन) के नाम से बताते हैं। उनमें पहिले अंग में दो कलाएँ होती हैं स्थित को त्रिकला से षट्कलात्मक (छः) भी किया जाता है ॥१८६॥

'निश्शब्दा' नामक चौथी कला उसमें यथोचित (यथेष्ट) रूप में प्रयुक्त होती है। एक कला में इसका प्रयोग नहीं होता। 'प्रवृत्त' नामक अंग में 'पंचपाणि' का प्रयोग होता है ॥१८७॥

'स्थित' के सामान ही निवृत्ति-अन्त (न्यासान्त) वाला महाजनिक भी समझा जाता है उसमें दो कला के योग में 'स्थित' अङ्ग को 'चञ्चत्पुट' (ताल) का आश्रित (प्रयुक्त) कहा गया है ॥१८८॥

वहां 'निश्शब्दा' नामक पांचवीं कला होती है, शेष सब जैसा कि कहा जा चुका है उसी के अनुसार है। 'निष्क्राम' एक होता है, 'शम्या' दो होती हैं 'आदि ताल' का युग्म भी (जोड़) वर्त्ता जाता है ॥१८९॥

'आहार्य' (आहरण) तथा सन्निपात एवं 'प्रवृत्त' इसमें कहा गया है फिर यही निवृत्यन्त होता है शेष सब 'स्थित' के समान ही है ॥१९०॥

यह 'युग्म' (जोड़) तथा 'ओज' दोनों के सम्मिश्रण से 'उभय-मिश्रित' कहा जाता है। यहाँ 'मिश्रितः × उच्यते' की संधि में विसर्गों का लोप चिन्तनीय है। 'मिश्रितोच्यते' नियम विरुद्ध है। इसमें ३ कलाओं का प्रयोग (आचार्य) बताते हैं। १—युग्म २—प्रवृत्त (आख्य—नामक) ३ उद्धट ॥१९१॥

कुछ लोग 'उपवर्त्तन' नामक प्रवृत्त ठीक समझते हैं। अब 'अङ्ग विधि का प्रारम्भ' कहते हैं इसकी 'आदि' (प्रारम्भ) में 'मुख' नामक विविध प्रयोग होता है (मुख संज्ञक के नाना प्रकार के प्रयोग 'मुखबन्ध'

या 'मुखड़े' हैं) इस 'अनुष्टुप' छन्द के तीसरे चरण में मात्रा कम है ८ की जगह ७ ही अक्षर हैं। और ग्रन्थकर्त्ता, ने 'विधि' के सम्बन्ध (षष्ठी विभक्ति) के एक वचन में 'विधेः' की जगह 'विधिस्य' कैसे बनाया ? यह व्याकरण दोष है। ॥१६२॥

'विविध' तथा 'प्रवृत्त' और 'नवप्रतिमुख' यह तीनों ही अंग 'वैहायसिक' (विहाय-त्यक्त) अंगों के द्वारा 'एक आदि' (ताल) से तथा 'षट् (६) पदों' के साथ प्रयुक्त होता है ॥१६३॥

इनके अतिरिक्त पूर्वोक्त समस्त 'विविध ऐकक' इसी प्रकार अङ्ग उपाङ्गों के द्वारा २० अंश भी इसमें पृथक् से वर्त्ते जाते हैं ॥१६४॥

छः अंग भी अपर (दूसरे) समझें जो कि ताल की समाप्ति मे आते है।

उल्लोप्यकम् । समाप्तम् ।

अब 'वस्तु प्रकर्याः' (प्रकरी या 'प्रकरण') कहते हैं। यह छः मात्राओं द्वारा शोभित होता है ॥१६५॥

'शम्या' के अन्त की इसमें मात्राएँ होती हैं जो कि द्वितीय के अन्त से वर्जित रहती है। अर्थात् दो मात्रा प्रत्येक न्यास में आती हैं। दूसरी, चौथी तथा पांचवीं के क्रमानुसार प्रयोग होता है ॥१६६॥

गुरु लोगों ने इसमें १६।१२।८ यह तालें बताई हैं। और 'द्वैकल' (दो कला वाली) तथा 'मद्रको' कलाओं से जो कि १६ होती हैं उनसे युक्त होता है ॥१६७॥

यह 'वस्तुएँ' चार, तीन, तथा डेढ़ १॥ मानी गई हैं। और दक्षिण मार्ग में ३ और आधी ही होती हैं, यदि आधी हो तो वह आदि (शुरू) में आती है ॥१६८॥

वृत्त (छन्द या प्रबन्ध) में जब ऐसा या इतना हो तभी वह पूर्ण होता है। इसमें 'उपोहन' पहिले (प्रारम्भ) में ही बताया है। 'अर्थाङ्ग' नहीं लिया जाता है ॥१६९॥

दोनों ही (दक्षिणोत्तर) पक्षों में यहां 'विविधैकक' किया जाता है (देखो श्लोक १७९) वस्तुओं की अन्तिम और 'उपान्तिम' (अन्त वाली से एक पूर्ण) की मात्रा में 'गमनान्तर' (न्यास या विराम) होता है ॥२००॥

कनीय (कनिष्ठ-छोटा) सारपूर्ण होता है ऐसा 'संग्रहण' (पद एकी-करण) कहा गया है।　　　　॥ प्रकरी समाप्तम् ॥

अब 'ओवेणक' प्रकरण कहते हैं भांति-भांति के २।२ पद (छन्द) २ चरण के जिनमें गीत आदि का लक्षण समान (तुल्य) हो ॥२०१॥

वह 'अपरान्तक-वस्तु' के समान 'ओवेणक' का पृथक् से प्रयोग होता है। इसमें दो कला होती हैं 'माष' नामक घात (ज़र्ब) होता है तथा- 'पंचपाणि' अङ्ग खूब वर्त्ता जाता है ॥२०२॥

उसके प्राधान्य कारण में (अधिक प्रयोग में) दूसरी तथा अष्टमी (८वीं) यह दो 'शम्या' बताई हैं जिन का समानत्व (समानता) नहीं है फिर भी नित्यत्व है अर्थात्-सदैव प्रयुक्त होती हैं ॥२०३॥

चौथी, छठी तथा नवीं यह तीन तालें बताई गई हैं शेष सब पूर्व कथन के अनुसार ही है 'अपरान्तक' के समान इसका भी उप-वर्णन समझना चाहिये ॥२०४॥

इसमें 'ऊर्ध्व' अङ्ग का प्रयोग होता है चाहे 'सम्पिष्टक' किया जाये। दोनों भी एक साथ किये जा सकते हैं।

'उपवर्त्तन' में बताई हुई 'संधि' (न्यास) इसमें भी होती है तथा उसी का 'चतुरस्रक' इसमें भी है ॥२०५॥

कर्णाट (मद्रास) में प्रयुक्त होने वाली यह प्राचीन गायन शैलियाँ हैं ? जहां तक 'जातियों का गायन' वर्णन भाग है उतना ही 'मार्गी संगीत' है और यह सब उस काल के उपदेश का 'देशी गीत भाग' है। इनमें का कोई-कोई प्रकार उत्तर भारत में भी उस काल में प्रचलित था अतएव लेखक ने कहीं-कहीं 'उत्तरे' और 'दक्षिणे' का संकेत किया है। इसके लेखन में दो प्रक्रियाएँ साथ-साथ चलती हैं एक वीणा मृदङ्गादि वाद्य विषयक तथा दूसरी मौखिक गायन वर्णन (वोकल म्यूज़िक) इन दो के अतिरिक्त एक तीसरीशैली का भी कभी-कभी ज़िक्र आ जाता है 'हस्तपादादि विक्षेप' (एक्टिङ्ग) जो गायक के भाव-प्रदर्शन में काम करती है।

किन्तु इन तीनों में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दों के पूर्व यह कहीं भी नहीं बताया कि यह किस विषय का है। कुछ शब्दों की परिभाषाएँ पूर्व में दी हैं, बहुतेरे ऐसे हैं, जिनका छन्दों में प्रयोग तो पहले कर दिया है और परिभाषा बाद को लिखी है। अनेकों ऐसे भी हैं जिनके लिये कहीं भी नहीं लिखा कि यह 'पूँछ' में इस्तैमाल होता है किम्बा 'सींगों'

के लिये है ? मानो उसी काल के उसी देश के उसी विषय के जानकारों के लिये यह पुस्तक लिखी गई हो । जहां तक खोज की तो यह पता लगा है कि 'कालीकट' से 'पांड्येचेरी' तक के ग्रामीण प्रदेशों में इनके शब्द कुछ परिभ्रंशित रूपों में अब तक प्रचलित हैं।

ऐतिहासिक लोगों की ऐसी धारणा है कि धुरदक्षिण प्रदेश के वेष, भाषा, भूषा पर शक, हूण यवनादिकों की सत्ता की छाप बहुत कम पड़ने पाई है । कारण, यह सारे दर्रा खैबर आदि से आकर उत्तर भारत में ही क्रान्ति मचाते रहे । इन्हीं का नहीं आर्यों का भी यही हाल है। १३०० ईसा पूर्व में जो समूह 'थियान शान' (सुमेरु पर्वत) तुर्किस्तान (टर्की) से आकर पंजाब में आवाद हुआ, उसी ने 'विन्दु सरोवर' का नामकरण किया और वहां ब्रह्मावर्त्त (वर्हिष्मती) बसाई । भरत, सुमति, पृथु, प्रियवृत, दत्तिल आदि सब उन्हीं लोगों में थे । यह जर्मनी यूरुप आदि के आधार पर नहीं अपितु ऋग्वेद, उपनिषद, मनुस्मृति, भागवत तथा विष्णु आदि पुराणों के आधार पर लिखा जा रहा है । पीछे इन्हीं का हिमालय की तराई से पूर्व की ओर आक्रमण हुआ और वहां वैशाली, कोशाम्बी, श्रावस्ती आदि बसाई गईं । पीछे धीरे-धीरे दक्षिण की ओर बढ़ गये । भरत, सुमति, दत्तिल, कोहल आदि की जीवन चर्या में यह सारी बातें यथावत् उतरती हैं । भारतीय नाट्यशास्त्र की भाषा दत्तिल, कोहल, विशाखिल, विष्णुपुराण, वाल्मीकीय से यथावत् मिलती है, किन्तु भागवत से नहीं । नाट्यशास्त्र और दत्तिल की वर्णन शैली में महान् अन्तर है 'युग्मक' इसमें 'प्रवृत्त' की भांति लेना चाहिये तथा 'वज्रसंज्ञक' अंग को 'सन्धि के समान प्रयोग करे । 'संपिष्टक' यहां 'वैहायसिक' ('विहाय' त्यक्त) अङ्ग के समान वर्त्ता जाता है (श्लोक १७०) ।।२०६।।

परिभाषा में 'विहाय' शब्द लिखा है जो भूत की क्रिया बनती है 'छोड़कर' यदि वहां (१७० में) विहायस्' लिखा होता तो भाववाचक संज्ञा में 'घम्' प्रत्यय द्वारा 'वैहायसिक' बन जाता किन्तु 'विहाय' में तो 'वैहायिक' ही बनेगा । न जाने 'वैहायसिक' करके 'सि' का आगम कहां से किया है ?

संभव है पाणिनि, शाकल्य, तथा पतञ्जलि (शुंग कालीन पुष्य मित्र १८१ पूर्व ईसा) आदि से यह पूर्व की रचना होने से 'शब्द-नियम-

नियंत्रण' उस समय तक नहीं हो पाया था। अतएव श्लोक १७० में 'प्रतिवस्तौ' की जगह 'प्रतिवस्तु' ही लिखा है। क्योंकि–'प्रति वस्तु में छूटा होता है।' यहां व्याकरण के नियमानुसार तो 'प्रति वस्तौ विहीनः स्यात्' ही लिखना समुचित था। संभव है 'विहाय' का उस समय 'गौण प्रयोग' हो जाने से वह 'क्रिया' की जगह 'संज्ञा' मानी गई हो? जैसे पाणिनि ने 'स्था' धातु ठहरने में (स्थागतिनिवत्तौ) की जगह 'स्था' को 'ष्ठा' आदेश कर दिया है संगीत में भी लोग 'स्थाय' को 'ठायँ' कहते हैं तो पाणिनि की आज्ञानुसार उनका यह उच्चारण शुद्ध समझना चाहिये। इस पर उन्होंने सूत्र लिखा था 'गवियुधिभ्यांक्विप्' अतएव महाभारत भागवत आदि सब में 'युधिस्थिर' की जगह 'युधिष्ठिर' का ही प्रयोग है। किन्तु महर्षि वाल्मीकि ने अपनी रामायण में 'युधिस्थिर' ही लिखा है—

पदवीं देवतानाञ्च महर्षीणाञ्च राक्षस !
राजर्षीणाञ्च सर्वेषां गमिष्यसि युधिस्थिरः ॥

४१ श्लोक ६५ सर्ग युद्ध (लंका) काण्डे। भला वाल्मीकि ने पाणिनि के 'आदेश' का क्यों उल्लंघन किया? कारण यही कि उनके समय तक उक्त आदेश हुआ ही नहीं था। एक इतिहासकार तो ईसा पूर्व की ७ या ८ वीं शताब्दी पाणिनि काल बताते हैं तथा दूसरे ४०० ईसा पूर्व का मानते हैं। भविष्य पुराणकार कौटिल्य का सहाध्यायी [1]'तक्षशिला' का स्नातक बताता है और इसका भी चन्द्रगुप्त मौर्य्य (३२१–२९७ ई० पू०) की सभा का रहना सिद्ध करता है—

पाणिनिः सामनस्यैव सुतोऽभूच्छन्दपारगः।
प्राविशन्मागधेशस्य चन्द्रगुप्तस्य वै सभाम् ॥

भविष्ये पु० प्र० पर्व खण्ड २ अध्याय ३० श्लोक ५। इससे दत्तिल, वाल्मीकि, भरत आदि पाणिनि से पूर्व के तथा महाभारत भागवतादि के लेखक पीछे के सिद्ध होते हैं।

---

[1]तक्ष (भरत राम के भाई का पुत्र) की बसाई 'तक्ष शिला' मौर्यकाल तक वर्त्तमान थी।

'निष्क्राम' इसमें एक ही होता है तथा 'शम्या' ३ होती हैं। त्रिताल में प्रयुक्त होता है। शेष सब पूर्व कथित के अनुसार ही है। 'प्रवेणी' मे 'उपपात' होता है तथा इसका 'उत्तर' (परार्ध भाग) दो कला का होता है ॥२०७॥

किसी किसी ने इसके 'उपपात' में दो ताल (दूसरा ताल) भी कहा है और अन्त के समेत 'अन्ताहरण' भी होता है ॥२०८॥

इस प्रकार इसके १२ अथवा ७ अंग उपपादन (प्रयुक्त) करना चाहिये। यदि ७ अंगों का प्रयोग करना हो तो 'संपिष्टक' 'प्रवेणी' तथा उपवर्त्तन–॥२०९॥

उपपात, अवगाढ और प्रवृत्त सप्ताङ्ग में गीत–ज्ञाता इनका प्रयोग न करे। प्रवेणु के क्रम से इसमें प्रयोग उचित है ॥२१०॥

प्रोवेणकं समाप्तम्।

अब 'रोविन्दक' कहते हैं—इसमें मात्राओं के 'अर्धान्त' में (आधी मात्राएँ समाप्त होने पर) प्रायः शेष मात्राओं में 'विविध' का प्रयोग हो तथा 'उपवर्त्तक' में एक–एक को प्रयुक्त करे 'विविध ऐकक' जो 'ताल–शम्य' में क्रमानुसार होती हैं ॥२११॥

इसमें चौदहवीं तथा पांचवीं मात्रा पर ताल बैठता है। रोविन्दक की छठी मात्रा तो मन्द्रकान्ती के समान होती है ॥२१२॥

आदि की मात्रा का इसमें आठ कला का 'उपोहन' होता है। दूसरी (अन्य) मात्राओं का पूर्ववत् त्रिकलात्मक 'प्रत्युपोहन' करना चाहिये ॥२१३॥

यह पूर्व पाद (का नियम) है। दूसरा तथा अन्य पद भी उसी समान कहे गये हैं। अन्य आठ कलाओं में पूर्व का वर्ण गाया जाता है ॥२१४॥

जो कि पहिले पाद में होता है वही प्रस्तार द्वितीयादि पादों में भी प्रयुक्त होता है। दूसरे पाद में 'शारीरिक' द्विकला के 'उत्तर' में प्रस्तार होता है ॥२१५॥

कुछ लोगों ने इसमें 'उपवर्त्तन' भी बताया है जो पहिले के समान ही होता है। जब उपवर्त्तन करेंगे तो पहिले 'विविधैकक' करें और 'प्रवृत्त' भी करना चाहिये ॥२१६॥

बीच-बीच में ३ या ४ निवृत्तियाँ भी बताई गई हैं। 'निवृत्त' के 'अवमर्श' के उत्तरान्त में 'शीर्षक' होना चाहिये ॥२१७॥

इसके प्रारम्भ में सदैव 'ऐकक' होना चाहिये । और 'प्रवृत्त' भी आवश्यक है। इसके अतिरिक्त पादादिकों में यथेष्ट (इच्छानुसार) 'विविधैकक' भी जोड़ना चाहिये ॥२१८॥

रोविन्दकं समाप्तम् ॥

अब 'उत्तर' का स्पष्टीकरण करते हैं-उत्तर के प्रारम्भ में ही 'मुख' तथा 'प्रति मुख' दोनों ही अंग वर्त्ते जायेंगे तब 'उल्लोप्यक' के समान 'अल' प्रयोग होता है और उसमें कोई भी नियम नहीं रखा जाता ॥२१९॥

'पंचपाणि' इसमें २ कला में लिया जायगा और 'शाखा' का प्रयोग पूर्ववत् ही होगा। 'उल्लोप्यक' तथा 'शाखा' इन दोनों के मध्य में आये 'पंचपाणि' में 'शीर्षक' का प्रयोग करना चाहिये ॥२२०॥

इनके अतिरिक्त १२ अंग और भी प्रयुक्त होते हैं तथा १२ के अतिरिक्त ६ और भी हैं जो प्रयोज्य पूर्ण हैं। 'रोविन्दक' के समान ही यहाँ दूसरे चरण प्रयुक्त होंगे······वर्जित रहेगा ॥२२१॥

उत्तरं समाप्तम् ॥

यह इस प्रकार से ऋषियों के द्वारा गाया हुआ सामवेद से उत्पन्न सप्त (स्वर) रूपक है। इस (स्वर-समूह) से उत्पन्न (साम गायन) प्राचीन काल में निश्चय उस गीत से उत्पन्न (हुआ था) ॥२२२॥

वहाँ जो संक्षेप का पक्ष (भाग) है वह 'शाम मार्ग' कहलाता है और यहाँ उसका विस्तार (रहित) अवयवों (अंगों) का लक्षण (कहा गया है) ॥२२३॥

उसमें वादी-आदिक (स्वरों) का भेद, अथवा वाद्यों (बाजों) का भेद उत्तर (अंग) में 'खञ्जनत्कुट' में 'खं आकाशं जन यतीति खंजनित्' खं= आकाशको जनने (पैदा करने) वाली (३६ इञ्च) की दूरी अथवा-'खं आकाशेन जनिताः स्वराः' यथा-'आकाशजं शब्दमाहुरेभिर्वायुगुणैः सह ।' इति महाभारते शान्तिपर्वणि अध्याये १४८ और 'कुट'- ८ घटः कुटनियौ अमरकोषकाण्ड २ वर्ग ६ श्लोक ३२, भाव निकला-'घटाकाश'

शब्द–स्वर का जनक उस (दूरी) में 'असारितक' सारिकायें (वीणा दण्ड की सुन्दरियाँ) पीतल तांबे की कमानियां जैसा 'विशाखिल' ने कहा—'गृधगृवक्षोस्थिनलिका यद्वा तच्चरणास्थिजा । आयस्यः कान्स्य-मय्योवा नलिकाः सारिका भिधाः ।।" अर्थात्–वे सारिकायें सुन्दरियां या तो गीध की छाती (पसलियों) की हड्डियों से या उसी के पैर की हड्डियों से बनाई जाती हैं अथवा लोहे या कांसे की भी हो सकती हैं।' उनके आदि में जो 'शम्यादि' का योग होता है वह तथा दोनों 'उत्तर' ।।२२४।।

मुक्तिक (मुक्त–अंग) 'सन्निपात' के अन्त में तथा कनिष्ठ (छोटी-द्रुत) लय के अन्तर (भेद) में होता है । मध्यलय में उसे २ कला का करना चाहिये और विलम्बित में ४ कला का करे ।।२२५।।

इस श्लोक का एक अर्थ और भी भावपूर्ण है जैसा कि ऊपर के श्लोक में घटाकार आकाश मण्डल से शब्द (स्वर) की उत्पत्ति बताई है उसी के अनुसार शब्द तीन मुख्य तत्वों से उत्पन्न होता है–१ अग्नि (सूर्य्य की गर्मी) २ वायु ३ वाष्प (भाप या जल) इन तीनों के दूसरे नाम ऊंचा, नीचा, बीच का अर्थात् वे ही शब्द के तीन रूप–उदात्त, अनुदात्त और 'स्वरित' हैं। इन्हीं ३ से मन्द्र, मध्य, तार उत्पन्न होते हैं १–वायु का नाम 'वात' है २–अग्नि का अंश 'पित्त' है ३–जल का अंश 'कफ' है। इन्हीं ३ का मिश्रण 'त्रिदोष' बोला जाता है इसके अन्त में 'सन्निपातान्ते' सन्निपात होता है तब यदि 'कनिष्ठेऽथलयान्तरे' द्रुतलय का वेग है (नाडिका संचालन) तो 'मुक्ताङ्ग' शरीर मुक्त–ढीला पड़ गया है तब 'एक कलः=कैल्सियम' प्रयोग करे, मध्यम में दो कला (२ शीशी) तथा—विलम्बिते=बहुत धीमी नाड़ी पड़ जाने पर 'कार्यो''''''चतुष्कलः–चार सूचिकाओं का प्रयोग करे।

दूसरी (अन्य लयों) में ५ कला करनी चाहिये तथा एक बड़ा 'उपोहन' भी 'उत्तर' में जो अन्तिम कलाएँ होती हैं वे ६।७।१० संख्या की हैं ।।२२६।।

पहिली वस्तु की अन्तिम दो कलाओं में क्रमानुसार ताल की कल्पना करनी चाहिये । 'आसारित' (सारिकोत्थ स्वर) समूह से 'वर्धमान' (विस्तृत रूप) को यथा विधि (नियुक्त करे) ।।२२७।।

पूर्व गीतों की 'खण्डिकाओं' की आवृत्ति के द्वारा ६ तथा आठ आवृत्तियां कही हैं तथा उनकी दूनी भी होती हैं तथा उनकी दूनी क्रमानुसार कलायें मानी गई हैं ॥२२८॥

वर्द्धमान में विद्वानों को चार खण्डिकायें जाननी चाहिये उनके यह इतने नाम क्रमानुसार जाने ॥२२९॥

विशाला, संगता, सुनन्दा, तथा सुमुखी इनमें पांच कलायें होती हैं उन पांच में एक बड़ी कला अन्त में होती है तथा 'उपोहन' भी किया जाता है ॥२३०॥

इसके प्रयोग में तालें क्रम से पृथक् पृथक् कही गई हैं जो कि मध्यमा जाति की 'आसारित' आदि की बताई हैं (वे ही हैं) ॥२३१॥

इसमें दो तथा चार कला के युग्म (जोड़) होते हैं तथा चार कला के 'युग्म–ओज' भी होते हैं ।

इति वर्धमानकं समाप्तम् ॥

अब 'पाणिका' को बताते हैं कि इसके प्रारम्भ में 'मुख' तथा 'प्रतिमुख' दोनों ही होते हैं ॥२३२॥

'रोविन्दक' में प्रयुक्त मात्रा इसकी भी होती है तथा उसी की ताल पृथक्–पृथक् वर्त्ती जाती है। इसका 'विदारी' जैसा आकार होता है केवल अन्तरे में ही अन्तर है ॥२३३॥

यहां भी 'केवलम्' अव्यय पद को तृतीया (करण) में प्रयुक्त किया है जो अशुद्ध है 'सर्वासु च विभक्तिषु मन्न व्येति तदव्ययम् ।' 'केवलं चान्तरान्तरा' लिखना समुचित था ।

यह अनान्तरित भी की जा सकती है यदि पद पूर्वक आकारवती हो तो, अब इसके आगे 'शरीर' को बता रहे हैं जिसमें 'पंचपाणि' के चार प्रयोग होते हैं ॥२३४॥

इसकी यथा स्थिति में (अनान्तरित आदि होने पर भी) 'शिरः' (शीर्षक) 'संपिष्टक' 'ऐकक' आदि का प्रयोग करना चाहिये 'उपोहनादि' सुखादि भी क्रम से लेने योग्य जानना चाहिये। अभिप्रायः यह सारे ही अंग प्रयुज्य हैं ॥२३५॥

उसी प्रकार 'वर्द्धमान' तथा 'आसारितों' का प्रयोग हो सकता है, 'खण्डिका' भी ली जाती हैं। अब इसमें (ग्रन्थ में) जो तालें हमने नहीं बताई हैं अथवा जिनके लक्षण नहीं लिखे हैं वे गीत के अवयवों (अंगों) से सम्भवित होती हैं । अर्थात्–गीतों के गाने से ताल का वज़न दिमाग़ में अपने आप बैठ जाता है। गायक थोड़े से आलाप के बाद स्थायी की एक आवृत्ति पूरी करके दूसरी पर आ गया, तब तक साथ करने वाला विचारा उङ्गलियों पर मात्राएँ ही गिनने में चिपटा रहा, एक बार की सम निकल गई सोचा कि शायद् ग़लत गिन गये हों ? दुबारा फिर एक से शुरू किया दूसरी सम पर भी बाँये का 'धा' नहीं लगा सका। उसके लिये 'गीतों के अवयवों से ताल का पता लगाना' एक टेढ़ी खीर है।

गायक ने कुछ ठोड़ी ऊँची कर फिर एक दम से शिर नीचे को झुका दिया, सम बताई । ठेका शुरू हुआ गिनने में तो मात्रा ६ आईं थीं किन्तु सोचा हम ग़लत गिन गये हैं 'झप' है। वही बजाने लगे किन्तु पहिली आवृत्ति में ही तबले की सम से गायक की सम एक मात्रा पहिले ही आगये। वह 'महेश ताल' गा रहा था यह झप बजा रहे थे, गायक ने भोंहें सिकोड़ीं यह झेंप गये। नीचे को देखने लगे । ऐसी जगह दत्तिल का 'गीतावयवसम्भवः' सार्थक सिद्ध न हुआ ॥२३६॥

कहते हैं बिना लिखी ताल 'शम्या' कला–मात्रा आदि के द्वारा (जो गीतों में प्रयुक्त (क्रियात्मक) होते हैं) वह अपनी युक्ति से क्वचित्=कहीं से (किसी प्रकार भी) संसाध्यः=साध लेना चाहिये। ठीक है। यह तो अलिखित तालों पर हुआ। किन्तु ऐसे 'अंग' जिनकी परिभाषायें ही नहीं लिखीं जैसे–विर्मध्य, समा, स्रोतोगता, गोपुच्छा युग्मौज शरीर आदि आदि। ताल तो गीत के वज़न से सध गई किन्तु इनकी साधना का क्या 'साधन' है ?

चार गीतियां जो 'मागधी' आदिक हैं उन्हें संक्षेप से (कहता हूँ)॥२३७॥
उनमें 'मागधी' 'चित्र' अंगों में तथा सम निवृत्तक पदों से (जिनकी

समान रूप से निवृत्ति समान मात्रा प्रयोग में हो) कही गई है । और अर्ध काल में निवृत्त (पूर्ण) होने वाले पदों के वर्णों से 'अर्ध मागधी' बोली जाती है ॥२३८॥

वृत्ति (१ आवर्त्तन) में लघु (छोटे) अक्षरों से प्राय: जन्य गीति 'सम्भाविता' कही गई है । और गुरु (दीर्घ) अक्षरों द्वारा उत्पन्न 'पृथुला' होती है जो कि दक्षिण (अंग) में सदैव वर्णों के ग्रह वाली मानी है ॥२३६॥

मार्गी 'संगीत–भेदों' में यह चारों ही गीतियां यथा स्थान प्रयोग के लिये बताई गई हैं । 'मार्ग' के लिये 'उद्दिष्ट' होते हैं जिनका 'मूल' (उद्देश) 'ध्रुव' कहे गये हैं । रत्नाकर में ध्रुवों के १६ भेद हैं ॥२४०॥

जिसका प्रयोग सुप्रति बन्वित लय के साथ होता है उसे 'मात्रिक' कहते हैं । मात्रिक से दुगुना 'चित्र' होता है और चित्र से दुगुने उत्तर (भाग) के दो 'उत्तर' होते हैं ॥२४१॥

इस प्रकार इन समस्त गीतों को जानकर सब मार्गों में नियुक्त करना चाहिये । यह पूर्वाचार्यों (भरत, कोहल, विशाखिल, मतंग आदि) का मत मैंने दिग्दर्शन मात्र से कहा है ॥२४२॥

(इसी की मार्गी गायन शैली को पाश्चात्य आज 'डेड् म्यूज़िक' के नाम से पुकारते हैं) उन आचार्यों की दृष्टि (शास्त्र वर्णन या दर्शन) देख कर ही साधु (सज्जनों) को चाहिये कि वे (अपनी विशेष ज्ञानेच्छा का) समाधेय बनालें (समाधान कर लें) ये × × × × × × मा × × × × ×।' 'ये नोदिता: विशेषेण मार्गभेदविधौ मया ।' ॥२४३॥

जो नियम मैंने 'मार्गी संगीत' के भेद की विधि में नहीं कहे हैं (वे पूर्वाचार्यों के शास्त्रों को पढ़कर समझें) यह दत्तिल ने 'गीत शास्त्र' दत्तिल नाम पर ही रचा है, अनुवाद पूर्त्ति की तिथि—॥२४३½॥

* समाप्त *

संगीत कार्यालय के प्रकाशन

पुस्तक	मूल्य
बालसंगीत शिक्षा भाग १-२-३ रु०	२–२५
सगीत किशोर	१–५०
संगीत शास्त्र	१–००
'क्रमिक पुस्तक' भाग १	१–००
" भाग २	८–००
" भाग ३ व ४ प्रत्येक	१०–००
" भाग५ व ६ प्रत्येक	८–००
संगीत सोपान	३–००
सगीत विशारद	५–००
सगीत सीकर	५–००
सगीत अर्चना	५–००
सगीत कादम्बिनी	५–००
भातखडे सगीतशास्त्र भाग १	५–००
" " भाग २	६–००
" " भाग ३	६–००
" " भाग ४	१५–००
मारिफुन्नगमात भाग १	६–००
" भाग २	६–००
" भाग ३	१–२५
सगीत सागर	६–००
बेला विज्ञान	४–००
सितार मालिका	५–००
कलावन्तों की गायकी	३–००
हमारे संगीत रत्न	१५–००
सहगल सगीत	२–५०
बैंजो मास्टर	२–००
संगीत पद्धतियों का तु० अध्ययन	२–५०
स्वरमालिका	२–००
रवीन्द्र संगीत	२–००
उ०भा० संगीत का सं० इति०	२–००
सूरसंगीत भाग १ व २ प्रत्येक	१–५०
मृदङ्ग तबला प्रभाकर भाग१	२–००
ताल प्रकाश	५–००
ताल अक	४–००
ठुमरी अक	२–५०
सन्त सगीत अक	२–५०
राष्ट्रीय संगीत अक	२–५०
राग अंक	२–५०
वाद्य सगीत अक	३–००
बिलावल थाट अक	२–५०
कल्याण थाट अक	२–५०
भैरव थाट अक	२–५०
पूर्वी थाट अक	२–५०
खमाज थाट अक	२–५०
काफी थाट अक	२–५०
मारवा थाट अक	२–५०
तोडी थाट अक	२–५०
हरिदास अक	१–००
नृत्य अंक	३–००
रजत जयती अंक	५–००
कत्थक नृत्य	५–००
कथकलि नृत्यकला	२–५०
नृत्य भारती	३–००
म्यूज़िक मास्टर	२–००
म्यूजिक मास्टर (उर्दू)	२–००
महिला हारमोनियम गाइड	१–५०
संगीत पारिजात भाग–१	४–००
स्वरमेल कलानिधि	१–००
संगीतदर्पण	२–००
फिल्म संगीत भाग २९ वाँ	४–००
आवाज़ सुरीली कैसे करें ?	२–००
अप्रकाशित राग भाग १,२,३	४–५०
संगीत निबंधावली भाग १	२–००

'संगीत' शास्त्रीय संगीत का एकमात्र मासिक पत्र, वार्षिक मूल्य ६) प्रति अंक)५० न०पै

'फिल्म-संगीत' सचित्र मासिक, वार्षिक मूल्य ६), छमाही ४), प्रति अंक)७५ न० पै

प्रकाशक—सङ्गीत कार्यालय, हाथरस (उ० प्र०)